
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.adhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



# आधुनिक समाचार


हिन्दी साप्ताहिक संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा

वर्ष-11 अंक-10 | प्रयागराज, रविवार 06 मार्च 2022 से शनिवार 12 मार्च 2022 तक | पृष्ठ- 8 | मूल्यः 3 रूपये



सिनेमा : तारक मेहता की रीटा रिपोर्टर ने फ्रंट जालीदार गाउन में कराया बेहद बोल्ड फोटोशूट...8)


## ब्रीफ न्यूज

### सीजफायर के बिना विद्यार्थियों को निकालना मुश्किल, सुरक्षित गलियारा देने का वादा कर चुप हुए रूस व यूक्रेन

**नई दिल्ली।** अच्छी खबर यह है कि युद्धग्रस्त यूक्रेन से अभी तक 20 हजार भारतीयों को बाहर निकाला जा चुका है लेकिन बुरी खबर यह है कि तीन शहरों (पेसोचिन, खार्कीव और सुमी) में अभी भी एक हजार के करीब भारतीय छात्र फंसे हुए हैं। इन छात्रों को निकालने में आ रही दिक्कतों को देखते हुए भारत ने एक बार फिर रूस और यूक्रेन से अपील की है कि इन छात्रों को निकालने के लिए सीजफायर करें क्योंकि इसके बिना उन्हें सुरक्षित निकालना मुश्किल है। इसी बीच कीव में गोलीबारी में घायल छात्र हरजोत सह तक भारतीय दूतावास की पहुंच शाम खबर लिखे जाने तक नहीं हो पाई थी। हालांकि सरकार की तरफ से कीव अस्पताल में उनके इलाज का सारा खर्च उठाने की बात कही गई है। शुक्रवार को यह बात भी साफ हो गई कि रूस और यूक्रेन आपसी दुश्मनी में भारतीय छात्रों को मोहरा बना रहे हैं। भारत ने परोक्ष तौर पर इस पर अपना क्षोभ भी जताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि एक दिन पहले हमने रूस और यूक्रेन की तरफ से भारतीय छात्रों को निकालने को लेकर सुरक्षित गलियारा बनाने की बात सुनी थी लेकिन उसके बाद इस बारे में कोई बात नहीं हुई है। हम यह भी सुन रहे हैं कि रूसी पक्ष की तरफ से 130 बसें तैयार की गई हैं लेकिन ये बसें जहां भारतीय छात्र हैं उससे कम से कम 50-60 किलोमीटर दूर हैं। पैदल जाना मुश्किल है और वहां से गुजरने में खतरा है जो हम नहीं चाहते कि भारतीय छात्र वो खतरा उठाएं। बागची ने तल्खी भरे स्वर में कहा कि, बसें तैयार करना काफी आसान है लेकिन अलग-अलग जगहों में शरण लिए छात्रों को वहां ले जाना बहुत ही कठिन है। यह तभी संभव है जब दोनों पक्षों की तरफ से युद्धविराम की घोषणा हो।

## कोरोना मामलों में गिरावट के बीच डरा रहे मौत के आंकड़े, जानें कितने लोगों ने बीते 24 घंटे में गवाई जान

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना की तीसरी लहर अब खत्म होने की कगार पर है। हर रोज की तरह आज भी कोरोना मामलों में गिरावट देखी गई है। लेकिन मौत के आंकड़े कई दिनों से बढ़ रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे में कोरोना के 5,921 नए मामले सामने आए हैं। हालांकि कल के मुकाबले मामूली गिरावट दर्ज की गई है इस बीच मौत के मामलों में आज फिर इजाफा देखने को मिला है। बीते 24 घंटों में 289 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। कल 201 लोगों की मौत दर्ज की गई थी। इसी के साथ अब देशभर में कुल मौतों का आंकड़ा 5,14,878 पर पहुंच गया है। कोरोना से ठीक होने वाले लोगों की बात करें तो इसमें भी लगातार इजाफा हो रहा है। 24 घंटे में 11,651 लोग ठीक होकर कोरोना को मात दे चुके हैं। इसी के साथ अब कुल रिकवरी 4,23,78,721 हो गई है। पोजिटिविटी दर अब 0.63 फीसद पर आ गई है। दूसरी ओर एक्टिव मामले भी अब केवल 63,878 पर आ गए हैं। कोरोना मामलों में कमी के बावजूद सरकार अपने वैक्सीनेशन अभियान में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। वैक्सीनेशन की इसी रफ्तार के चलते अब कुल डोज का आंकड़ा 1,78,55,66,940 पर पहुंच गया है। बच्चों को भी तेजी से डोज लगाई जा रही है। इस बीच बच्चों के वैक्सीनेशन को लेकर कल ही एक अहम फैसला लिया गया है। डीसीजीआइ की विषय विशेषज्ञ समिति ने 12 से 17 आयु वर्ग के बच्चों के लिए टीकाकरण को मंजूरी दे दी है। इसके लिए सिरम इंस्टीट्यूट की कोवोवैक्स वैक्सीन के आपात इस्तेमाल को अनुमति दी गई है।



## मणिपुर में सुबह 9 बजे तक 11.40 फीसदी मतदान वोटिंग के लिए पोलिंग बूथ पर पहुंच रहे मतदाता

**इम्फाल।** मणिपुर विधानसभा चुनाव के दूसरे और आखिरी चरण का मतदान शनिवार को शुरू हो गया है। सुबह सात बजे से मणिपुर के 6 जिलों की 22 विधानसभा सीटों पर मतदान जारी है। सुबह 9 बजे तक 11.40 फीसदी मतदान हो गया है। आज जिन 22 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हो रहा है। उनमें लिलोंग, थौबल, वांगखेम, हीरोक, वांगजिंग तेंथा, खंगाबो, वाबगई, काकचिंग, हियांग्ग्राम, सुगनू, जिरीबाम, चंदेल (एसटी), तेंगनौपाल (एसटी), फुंग्यार (एसटी), उखरुल (एसटी) चिंगाई (एसटी), करोंग (एसटी), माओ (एसटी), तदुबी (एसटी), तमी (एसटी), तामेंगलोंग (एसटी), और नुंगबा (एसटी) सीटें शामिल हैं। मणिपुर में विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में मतदान जारी है। खंगाबोक में मतदान केंद्र के बाहर मतदाताओं की लंबी कतार देखने को मिली। मणिपुर के थौबल जिले के एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के लिए लोग लगातार पहुंच रहे हैं। एएनआइ से बातचीत के दौरान मतदाता ने बताया कि इस चुनाव में बेरोजगारी मुख्य मुद्दा है। हम अधिक अवसरों के लिए मतदान कर रहे हैं। भाजपा नेता थोकचोम राधेश्याम सिंह ने मणिपुर विधानसभा चुनाव में जनता से मतदान की अपील की। साथ ही उन्होंने भाजपा की जीत का दावा किया ण के मतदान के दौरान थौबल जिले के हीरोक हाई स्कूल में मतदाता वोट डालने पहुंचे। इस दौरान मतदान केंद्रों पर वोट डालने पहुंचे मतदाताओं की लंबी कतार देखने को मिली। मणिपुर में दूसरे चरण के मतदान के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता ओकराम इबोबी सिंह ने थौबल के एक मतदान केंद्र में अपना वोट डाला। मणिपुर में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में लोग मतदान करने के लिए हिरोक के एक मतदान केंद्र पहुंचे। मणिपुर विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में लोग मतदान करने के लिए हिरोक के एक मतदान केंद्र पहुंचे। तस्वीरें हिरोक हाई स्कूल की हैंदूसरे चरण के चुनाव के लिए 1,247 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस चरण में कुल लगभग 8.38 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके अलावा इस चरण में दो महिलाओं सहित 92 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनके चुनावी भाग्य का फैसला दूसरे चरण के मतदाता तय करेंगे। वहीं, जो मतदाता पाजिटिव हैं या उनमें कोरोना के लक्षण हैं, उन्हें अंतिम घंटे में दोपहर 3 बजे से शाम 4 बजे के बीच मतदान करने की अनुमति दी जाएगी। आपको बता दें कि मणिपुर विधानसभा चुनाव के नतीजे 10 मार्च को घोषित किए जाएंगे। मणिपुर में होने वाले दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार 3 मार्च को ही थम गया था। मणिपुर सरकार का कार्यकाल 20 मार्च 2017 को शुरू हुआ था और 19 मार्च 2022 को सरकार का कार्यकाल पूरा हो रहा है। मणिपुर में कुल साठ विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें से 38 विधानसभा क्षेत्रों में 28 फरवरी को पहले चरण में मतदान हुआ था। चुनाव आयोग के अनुसार, 28 फरवरी को मणिपुर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में राज्य में औसतन 78.30 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार भाजपा राज्य की 60 विधानसभा सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ रही है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने छह राजनीतिक दलों का गठबंधन बनाया है और इसका नाम प्रगतिशील धर्मनिरपेक्ष गठबंधन रखा है। प्रगतिशील धर्मनिरपेक्ष गठबंधन में कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), फारवर्ड ब्लाक, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) और जनता दल (सेक्युलर) शामिल हैं। 2017 के मणिपुर विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने 28 सीटों पर जीत हासिल की थी। राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनने के बाद भी कांग्रेस को सत्ता से दूर रहना पड़ा। वहीं भाजपा को 2017 में 21 सीटों पर जीत मिली थी। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और नागा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) को चार-चार सीटें मिलीं, जबकि लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) ने केवल एक सीट हासिल की। बीजेपी को 36.28 फीसदी वोट मिले, जबकि कांग्रेस को 35.11 फीसदी वोट मिला था। हालांकि बाद में बीजेपी ने बीरेन सिंह के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए एनपीपी, एनपीएफ और लोजपा के साथ गठबंधन किया था।




## श्रीनगर में बोन एंड ज्वाइंट अस्पताल में आग, तीन ब्लाक राख; सभी मरीजों-तीमारदारों को सुरक्षित निकाला

**श्रीनगर।** बोन एंड ज्वाइंट अस्पताल बरजुला में शुक्रवार को उस समय अफरातफरी फैल गई जब एक आपरेशन थियेटर में अचानक आग की लपटें उठीं। देर रात गए तक जारी आग में अस्पताल परिसर के तीन ब्लाक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। सभी मरीजों और तीमारदारों को सुरक्षित निकाल अन्य अस्पतालों में ले जाया गया। इस बीच, प्रदेश प्रशासन ने जांच के आदेश जारी कर दिए। श्रीनगर के मेयर जुनैद अजीम मट्टु, जिला एसएसपी राकेश बलवाल और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी देर रात गए तक मौके पर ही मौजूद रहे। अस्पताल के एक कर्मी ने बताया कि आग की लपटों को रात साढ़े नौ बजे आपरेशन थियेटर परिसर में ही सबसे पहले देखा गया। इससे पहले कि इन लपटों को बुझाया जाता, आग ने साथ सटे ट्रामा और रिकवरी कक्ष को अपने चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में आग इमरजेंसी ब्लाक में भी फैल गई। कई मरीजों को उनके तीमारदार खुद ही उठाकर बाहर निकालने लगे। सूचना मिलते ही दमकलकर्मी और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। उन्होंने आग पर काबू पाने का प्रयास करते हुए अंदर फंसे कई मरीजों व उनके तीमारदारों को बाहर निकाला। इस दौरान कई सिलेंडरों में भी जोरदार धमाके हुए। बताया जा रहा है कि अस्पताल में करीब 150 मरीज भर्ती थे। अस्पताल से निकाले गए मरीजों को जेवीसी बेमिना, एसएमएचएस अस्पताल, गौसिया अस्पताल और शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान सौरा में ले जाया गया है। आग के कारणों की तत्काल पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक संभवतः आपरेशन थियेटर में बिजली तार में शाट सर्किट हुआ होगा और आग लग गई।




## यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कीव में ही हूं मैं, देश छोड़कर कहीं नहीं भागा

**नई दिल्ली।** यूक्रेन में रूसी सैन्य कार्रवाई से हालात काफी खराब हो चुके हैं। यूक्रेन में रूस की एयर ट्राइक की आशंका के मद्देनजर कीव में लोगों को अलर्ट दिया गया है। इसमें कहा गया है कि वो जहां भी अपने नजदीक शेटर देखें वहां जाकर छिप जाएं। वहीं दूसरी तरफ यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने उन खबरों का खंडन किया है जिसमें कहा जा रहा है कि वो देश छोड़कर चले गए हैं। तास एजेंसी के मुताबिक उन्होंने कहा है कि वो कीव में ही हैं और अपने आफिस से ही काम कर रहे हैं। एक इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो के जरिए उन्होंने ये बात कही है। उन्होंने इसमें अपने आफिस को भी दिखाया है। इसमें वो कहते दिखाई दे रहे हैं कि वो यहीं अपने आफिस में ही हैं। एंड्रे बोरिसोविच भी यही हैं। कोई यहां से नहीं भागा है। इससे पहले रूस की ड्यूमा के स्पीकर वेचेस्लेव वोलोडिन ने कहा था कि जेलेंस्की यूक्रेन छोड़ पौलेंड चले गए हैं। एजेंसी ने अमेरिका के विदेश सचिव के हवाले से बताया है कि अमेरिका रूस से बातचीत के लिए राजी है बशर्ते इससे कुछ हल निकलता हो। बीबीसी को दिए एक इंटरव्यू में विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने कहा है कि यदि रूस भी इसी तरह से सोचता है और मुद्दों का हल निकालना चाहता है तो फिर अमेरिका भी उनके साथ वार्ता के लिए बैठना चाहेगा। इस बीच यूक्रेन में फंसे लोगों को लेकर जिनमें अधिकतर छात्र हैं, विमान दिल्ली पहुंचा है। अपने बच्चों को देख परिजनों की आंखें नम हो गईं। आपको बता दें कि भारत ने वहां फंसे अपने लोगों के लिए अब भारतीय वायु सेना का भी सहारा लिया है। सभी को यूक्रेन के पड़ोसी देशों के जरिए स्वदेश वापस लाया जा रहा है। यूक्रेन के सामरिक बंदरगाह वाले शहर मारियुपोल को रूसी सेना ने अवरुद्ध कर दिया है। इसकी जानकारी वहां के मेयर के हवाले से सामने आई है। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने नाटो पर निशाना साधते हुए कहा है उसने यूक्रेन के शहरों और गांवों पर बमबारी के लिए ग्रीन सिग्नल दिया है। उन्होंने नाटो के उस फैसले का भी विरोध किया है जिसमें यूक्रेन को नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। एएनआई के मुताबिक यूक्रेन की द कीव इंडिपेंडें ने कहा है कि यूक्रेन पर हमले के बाद से रूस अब तक उस पर 500 से अधिक मिसाइलें दागी हैं। पेंटागन के एक अधिकारी ने कहा, रूस प्रतिदिन लगभग दो दर्जन की दर से सभी प्रकार की मिसाइलें दाग रहा है। भारत ने वायु सेना की मदद से यूक्रेन में 16.5 टन राहत सामग्री पहुंचाई है। तीन विमानों के जरिए करीब 629 लोगों को भारत भी लाया जा रहा है। यूक्रेन से आपरेशन गंगा मिशन' के तहत अब तक 11,000 भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वतन वापसी हो चुकी है। इस काम में अब भारतीय वायु सेना के विमानों को भी लगाया गया है। शनिवार को भारतीय वायुसेना का -17 एयरक्राफ्ट 210 यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिको को रोमानिया के रास्ते लेकर शुक्रवार देर रात हिंडन एयरबेस पहुंचा है। इंडियन एयरफोर्स की दस फ्लाइट से अब तक करीब 2056 लोगों को स्वदेश लाया जा चुका है। रायटर्स के मुताबिक कीव में लगातार धमाकों की आवाजें सुनाई दे रही हैं। रूस की सेना ने यूरोप के सबसे बड़े न्यूक्लियर पावर प्लांट पर शनिवार को ही कब्जा कर लिया था। दूसरी ओर मास्को ने फेसबुक व कुछ विदेशी मीडिया वेबसाइटों को ब्लाक कर दिया है। इसके पीछे रूस का तर्क है कि पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के बीच उक्त वेबसाइट फर्जी खबरें चला रहे हैं। रूस ने ये भी कहा है कि उसकी सेना के खिलाफ हथियार उठाने वाले यदि गिरफ्तार हुए तो उन्हें युद्धबंदियों वाले अधिकार हासिल नहीं होंगे। उनके ऊपर आपराधिक मुकदमा चलाया जाएगा।



## क्या तलाक का आधार हो सकता है जीवनसाथी का बीमारी को नहीं मानना, सुप्रीम कोर्ट करेगा विचार

**नई दिल्ली।** जीवनसाथी का अपनी बीमारी को स्वीकार नहीं करने और इलाज कराने से इन्कार करने को क्या क्रूरता माना जा सकता है और क्या यह तलाक का आधार हो सकता है, इस प्रशन पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को विचार करने के लिए तैयार हो गया। जस्टिस विनीत सरन और जस्टिस अनिरुद्ध बोस की पीठ ने इस मामले में नोटिस जारी किया और केरल हाई कोर्ट के तीन सितंबर, 2021 के आदेश पर रोक लगा दी। हाई कोर्ट ने इसे क्रूरता मानते हुए दंपती को तलाक प्रदान कर दिया था। पत्नी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस का जवाब देने के लिए छह हफ्ते का समय दिया है। केरल हाई कोर्ट ने भी पत्नी की याचिका पर उक्त आदेश दिया था, उसने याचिका में तलाक प्रदान करने के पारिवारिक अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। पति ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी पैरानोइड सिजोफ्रेनिया से पीडित है, लेकिन वह इसे मानने और इलाज कराने से इन्कार करती है। जबकि पेशे से नर्स पत्नी का कहना है कि वह बिल्कुल ठीक है और अपने दोनों बच्चों की देखभाल करती है। उसके अपने पड़ोसियों से भी बहुत अच्छे संबंध हैं।

## रूस-यूक्रेन युद्ध पर यूएन में मतदान से भारत फिर रहा दूर, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने की यूक्रेन पर रूसी हमले की निंदा

**जेनेवा।** रूस-युक्रेन युद्ध को लेकर शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र में मतदान से भारत एक बार फिर दूर रहा। भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद कथित उल्लंघन की जांच के लिए तत्काल स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय आयोग का गठन करने का फैसला किया गया है। मानवाधिकार आयोग द्वारा प्रस्ताव स्वीकार किए जाने से एक दिन पहले जेनेवा में मानवाधिकार आयोग के 49वें सत्र में भारत ने कहा था कि वह यूक्रेन में मानवाधिकार की स्थिति में तेजी से आ रही गिरावट पर चिंतित है समाचार एजेंसी आइएएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने कहा है कि आतंकियों को संरक्षण और बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। भारत ने अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के मामलों में बढ़ोतरी को लेकर भी पाकिस्तान पर निशाना साधा है। संयुक्त राष्ट्र मिशन, जेनेवा में भारत की प्रथम सचिव सीमा पुजानी ने गुरुवार को मानवाधिकार परिषद की बैठक के दौरान कहा कि भारत में होने वाले आतंकी हमलों के पीछे पाकिस्तान में प्रशिक्षित आतंकियों का हाथ रहता है। उन्हें वहां समर्थन भी दिया जाता है। विश्व के अन्य हिस्सों में होने वाले आतंकी हमलों का सूत्र भी पाकिस्तानी आतंकियों से जुड़ा रहता है।



मानवाधिकार उल्लंघन और अपराधों की जांच के लिए तत्काल एक स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय आयोग गठित करने के प्रस्ताव पर मतदान में भाग नहीं लिया। 'रूसी आक्रमण के बाद यूक्रेन में उत्पन्न मानवाधिकार की स्थिति' से संबंधित प्रस्ताव पर मतदान में परिषद के 47 सदस्यों ने भाग लिया।32 सदस्यों ने इसके पक्ष में मतदान किया और प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया। दो देशों-रूस और इरीट्रिया ने इसके खिलाफ वोट डाला। भारत, चीन, पाकिस्तान, सूडान और वेनेजुएला समेत 13 देश मतदान से गैरहाजिर रहे। जिन देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, उनमें अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, जापान, नेपाल और यूएई शामिल हैं। इस प्रस्ताव में यूक्रेन के खिलाफ रूसी आक्रामकता की कड़ी निंदा की गई है इस प्रस्ताव में मानवाधिकार का कथित उल्लंघन और दुरुपयोग तथा अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों के

## जैसलमेर में होने वाला का 'वायु शक्ति' अभ्यास स्थगित, 7 मार्च को था आयोजन

**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन में छिड़ी जंग को लेकर वैश्विक संकट के बीच भारतीय वायु सेना ने शुक्रवार को अपने वायु शक्ति अभ्यास को स्थगित कर दिया जो राजस्थान के जैसलमेर स्थित पोखरण रेंज में आगामी 7 मार्च को होने वाला था। इस इवेंट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी शामिल होने की संभावना थी। इससे पहले सरकार ने 10-14 मार्च को होने वाला भी स्थगित कर दिया गया। इसके अलावा ने इंग्लैंड में होने वाले कोबरा वारियर में भी शामिल होने से इन्कार कर दिया।



इस इवेंट के लिए फिलहाल नई तारीख निर्धारित नहीं की गई है। इस इवेंट के रद होने की पीछे क्या वजह है इसका खुलासा नहीं किया गया है। हर तीन साल पर होने वाले इस इवेंट में वायुसेना अपनी तैयारियों का प्रदर्शन करती हैं। इससे पहले यह साल 2019 में हुआ था। लेटेस्ट राफेल एयरक्राफ्ट समेत कुल 148 एयरक्राफ्ट को शामिल किया जाना था। बता दें कि की सबसे बड़ी 'वायु शक्ति' के लिए जैसलमेर के पोखरण स्थित चांधन फायरिंग रेंज में आज फुल ड्रेस रिहर्सल भी हुआ। देश का सबसे एडवांस फाइटर जेट राफेल भी पहली बार आपरेशन वायुशक्ति में अपनी मारक क्षमता का गवाह बना। हर तीसरे साल युद्धाभ्यास करता है और इसमें कई देशों के दिग्गज अधिकारी शिरकत करते हैं। आसमान में एक से बढ़कर एक विमानों की गूंज और छद्म ठिकानों पर बमबारी करते फाइटर प्लेन के साथ देश की सबसे बड़ी वार एक्सरसाइज का आयोजन पश्चिमी सरहद पर होने वाला था जो अब 7 मार्च को नहीं होगा। एयरफोर्स के जांबाज इस युद्धाभ्यास के लिए विगत एक माह से तैयारी कर रहे हैं। आपरेशन वायुशक्ति में 109 फाइटर, जिनमें राफेल, सुखोई, मिराज, जगुआर व मिग-29 मिलाकर कुल 148 विमान शामिल हैं। फूल रिहर्सल में फाइटर जेट उड़ान भरके चांधन में दुश्मन के काल्पनिक ठिकानों पर हमला किया। इसके अलावा 24 अपाचे, चिनूक, लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर, सात ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, चार रिमोट कंट्रोल एयरक्राफ्ट भी इस ऑपरेशन वायुशक्ति का हिस्सा है। इतना ही नही वायुशक्ति फूल ड्रेस रिहर्सल में पहली बार शामिल हुआ राफेल हवा से जमीन और हवा से हवा में हमला करता हुआ नजर आया। साथ ही राफेल की सुखोई के साथ बेहतरीन जुगलबंदी भी देखने को मिली। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन में रूसी सैन्य कार्रवाई के बाद वहां फंसे भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए केंद्र सरकार ने आपरेशन गंगा मिशन की शुरुआत की है। हाल में ही प्रधानमंत्री मोदी ने इस मिशन में वायुसेना को भी साथ देने का निर्देश दिया था। इसके बाद वायुसेना का एयरक्राफ्ट -17 यूक्रेन के पड़ोसी देशों में पहंच रहे अपने नागरिकों को वापस वतन लाने में जुट गया है।




# जमीनी विवाद में चली लाठियां, एक मरणा सन्न

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**प्रयागराज ।** कोतवाली के ढोकरी गांव में शुक्रवार सुबह जमीनी विवाद में जबरदस्त मारपीट हुई। जिसमें चोट तो कई को आई। परंतु राम नारायण पुत्र रामपति पटेल उम्र 30 वर्ष को सिर में गंभीर चोट आने के कारण अचेत अवस्था में थाने लाया गया। जिसे थाना प्रभारी ने तत्काल मजरूबी चिट्ठी के साथ सीएचसी भेजा। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद रिफर कर दिया गया। बताया जाता है। कि घायल रामनारायण के घर के पीछे ग्राम सभा की जमीन है। जिस पर दूसरा पक्ष गिरजा शंकर, रमाशंकर, जय शंकर आदि काबिज होना चाह रहे थे। जिसमें लाठियां चली और कई को चोटे आई। थाना प्रभारी अमित कुमार राय ने मौके की नजाकत भांपते हुए तत्काल मौके पर फोर्स भेजी। परंतु सब लोग हट चुके थे। दोनों पक्षों की तहरीर पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी चोटहिलो को मेडिकल हेतु भेजा गया।



# सीएमपी डिग्री कालेज के वाहन स्टैंड संचालक पर बमबाजी और फायरिंग

**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर में सीएमपी डिग्री कालेज (चौधरी महादेव प्रसाद महाविद्यालय) के बाहर वाहन स्टैंड चलाने वाले संतोष सिंह पर शनिवार की दोपहर जानलेवा हमला हुआ। उनको लक्ष्य करते हुए बमबाजी और फायरिंग की गई। हालांकि इस हमले में वह बाल-बाल बच गए। बमबाजी और फायरिंग से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर जब जार्जटाउन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची तो हमलावर भाग निकले थे। पुलिस मामले की छानबीन करने के साथ ही हमलावरों के बारे में पता लगा रही है। सीएमपी डिग्री कालेज के बाहर संतोष सिंह का वाहन स्टैंड है। शुक्रवार को दिन में एक छात्र से बाइक खड़ी करने को लेकर उनका विवाद हो गया था। उस समय तो छात्रों व अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था। हालांकि उसके बाद छात्र ने उन्हें देख लेने की धमकी दी और वहां से चला गया था। शनिवार की अपराह्न अपराहन करीब तीन बजे वही छात्र जिससे संतोष सिंह का विवाद हुआ था, डेढ़ दर्जन से अधिक साथियों के साथ वाहन स्टैंड पर पहुंचा। उस समय संतोष सिंह वहां मौजूद थे। छात्र और उसके साथियों ने स्टैंड पर ही बमबाजी शुरू कर दी। फायरिंग भी की गई। अचानक हमले से स्टैंड संचालक संतोष सिंह ने कालेज के भीतर भाग कर अपनी जान बचाई। बमबाजी और फायरिंग के कारण सड़क पर आवागमन कर रहे राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। वारदात की सूचना पर जार्जटाउन के थाना प्रभारी कृष्ण मोहन सिंह फोर्स के साथ वहां पहुंचे। हालांकि तब तक छात्र और उसके साथी वहां से फरार हो चुके थे। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। हमलावरों के बारे में पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।



## ऊर्जा निगम में मनाया गया 51वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस-मेजा

(आधुनिक समाचार सेवा)
संजय द्विवेदी

**मेजा प्रयागराज।** मेजा ऊर्जा निगम के परिसर में चार मार्च 2022 को 51वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनिल कुमार मुख्य कार्यकारी अधिकारी मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आर के प्रजापति उप महाप्रबंधक सुरक्षा के द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ऊर्जा निगम के परिसर को दुर्घटना शून्य बनाने का लक्ष्य रखा गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अनिल कुमार ने कहा सुरक्षा जिंदगी के सभी पहलू में महत्वपूर्ण है और किसी भी कीमत में सुरक्षा के साथ समझौता नहीं करना चाहिए। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर ऊर्जा निगम के प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा संदेश का प्रदर्शन किया गया तथा सभी कर्मचारी एवं ठेका कर्मचारियों के लिए सुरक्षा ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया कार्यक्रम में कर्मचारियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। कार्यक्रम के अंतिम चरण में आर के प्रजापति उप महाप्रबंधक सुरक्षा एवं संजय कुमार शर्मा उप महाप्रबंधक सुरक्षा ने उपस्थित कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम में सभी महाप्रबंधक अपर महाप्रबंधक एवं अन्य सभी वरिष्ठ अधिकारी गणो ने उपस्थिति दर्ज की एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।



# हजरत मुलाकुम शाह बाबा का सालाना उर्स पूरे शानो शौकत के साथ मनाया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फुलपुर (प्रयागराज) ।** मोहल्ला पूरा अच्छाई सिकंदरा रोड पर हजरत मुलाकुम शाह बाबा का सालाना उर्फ पूरे अदब अकीदत के साथ मनाया गया हजारों की तादाद में जायरीनों ने अकीदत के चादर पेश की और दुआएं मे अपने मुल्क में अमन व चैन की दुआएं मांगी गई एवं यूक्रेन में भारतीय छात्रों के घर वापसी एवं उनके हिफाजत के लिए अल्लाह पाक से हाथ उठाकर दुआएं की गई शाम 7:00 बजे मोहम्मद हसीब के घर से चादर पोशी के लिए दरगाह पर पहुंचे और चादर पोशी की गई इसमें इलाहाबाद के मशहूर कव्वाल जनाब खादिम साहब ने बाबा के शान में कव्वाली पेश की जायरीन ओं में मुख्य रूप से मोहम्मद हसीब शाहनवाज रिजवान नईम आकिब मोहम्मद रहीम समीर सजीद अहमद सरफराज अहमद बाबू सभी लोगों ने अकीदत के फूल पेश किए और दुआएं मांगी।



# प्रेक्षकों हेतु अतिथि गृह किये गये आवंटित

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0नितिन बंसल ने सामान्य प्रेक्षकों हेतु जनपद में अतिथि गृह आवंटित कर दिया है और लायजन आफिसर सहित अन्य स्टाफ की तैनाती कर दी है।उन्होंने बताया कि विधानसभा रामपुरखास के माननीय सामान्य प्रेक्षक के0 राजेश हेतु जिला पंचायत का अतिथि गृह, विधानसभा बाबागंज के सामान्य प्रेक्षक श्रीकान्त शास्त्री हेतु लोक निर्माण विभाग (प्रान्तीय खण्ड) प्रतापगढ़ का अतिथि गृह, विधानसभा कुण्डा के सामान्य प्रेक्षक एलेक्स वी0एफ0 पॉल मेनन हेतु जिला पंचायत अतिथि गृह, विधानसभा विश्वनाथगंज के सामान्य प्रेक्षक एस0 सरवनन हेतु लोक निर्माण विभाग (प्रान्तीय खण्ड) प्रतापगढ़ का अतिथि गृह, विधानसभा प्रतापगढ़ के सामान्य प्रेक्षक रमन एस0ए0हेतु लोक निर्माण विभाग (प्रान्तीय खण्ड) प्रतापगढ़ का अतिथि गृह, विधानसभा पट्टी के सामान्य प्रेक्षक रूगवेद मिलिन्द ठाकुर हेतु वन विभाग चिलबिला का अतिथि गृह व विधानसभा रानीगंज के सामान्य प्रेक्षक दीपेन्द्र सिंह कुशवाह हेतु जिला पंचायत का अतिथि गृह आरक्षित किया गया है।

## नात रिस्तेदारी में जाने के लिए घर से निकला छात्र हुआ लापता, परिजनो में मचा कोहराम-मेजा

(आधुनिक समाचार सेवा)
संजय द्विवेदी

**मेजा प्रयागराज।** गुरुवार शाम को नात रिश्तेदारी में जाने के लिए निकला छात्र हुआ लापता परिवार के लोगो का हाल बेहाल हो गया है। जानकारी अनुसार थाना मेजा क्षेत्र के सिरसा चौकी अंतर्गत पकरी सेवार निवासी राकेश दुबे का बीए प्रथम वर्ष का छात्र अभय दुबे उर्फ यश दुबे उम्र लगभग बीस वर्ष ने शाम बजे घर से रिश्तेदारी गढ़वा बुआ के यहां जाने के लिए कह कर निकला था। देर रात तक ना पहुंचने पर परिजन परेशान होकर सभी रिश्तेदारों में फोन कर जानकारी ली लेकिन कही कोई सुराग नहीं लगा।लापता छात्र के माता पिता भाई बहन परिवार और नात रिस्तेदार का रो रो कर हाल बेहाल हो गया है।

# आधार से लिंक करवाए वृद्धा पेंशन के लाभार्थी-ब्लाक कोरांव

(आधुनिक समाचार सेवा)
संजय द्विवेदी

**कोरांव (प्रयागराज)।** उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियों को आधार से प्रमाणीकरण के तहत पेंशन खाते से आधार को लिंक कराए।अगर लाभार्थी नही कराएगे तो उनकी पेशन की धनराशि शासन/निदेशालय से प्रेषित नही की जाएगी। उक्त आशय की जानकारी ऐडियो समाज कल्याण अधिकारी कोरांव राजेश भारतीया ने दी है।खण्ड विकास अधिकारी मुकेश कुमार एवं ऐडियो समाज कल्याण अधिकारी राजेश भारतीया ने जानकारी दी-विकास खण्ड कोरांव।




# सीडीओ ने मतगणना को लेकर अधिकारियों संग की बैठक

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक एवं प्रशिक्षण ईशा प्रिया की अध्यक्षता में दिनांक 10 मार्च को होने वाली मतगणना को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग सम्पन्न कराने हेतु विकास भवन सभागार में समस्त विधानसभाओं के आर0ओ0 एवं ए0आर0ओ0 के साथ बैठक हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने विस्तार पूर्वक सभी आर0ओ0 एवं ए0आर0ओ0 को पोस्टल बैलेट की गणना एवं ईवीएम के माध्यम से गणना के बारे में जानकारी दी। उन्होने बताया है कि मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण दिनांक 05 मार्च एवं द्वितीय प्रशिक्षण 09 मार्च को संत एन्थोनी इण्टर कालेज में पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक आयोजित होगा। उन्होने कहा है कि प्रशिक्षण दिवसों पर समस्त मतगणना कार्मिक समय से पहुॅचे और प्रशिक्षण प्राप्त करें। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण/समयबद्ध कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। बैठक में जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, प्राचार्य अफीम कोठी शिव प्रकाश सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



# पकौड़ा चाय पर बनने लगी जीत हार की गुणा गणित

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**प्रयागराज ।** चुनावी भागदौड़ और थकान से फुर्सत पाकर 256 फूलपुर



विधानसभा से सपा प्रत्याशी मोहम्मद मुजतबा सिद्दीकी अपने हमदर्दी संग कार्यालय में बैठे और पकौड़ा चाय के साथ जीत हार की गणित लगने लगी। सपा जिला उपाध्यक्ष नसीरुद्दीन राईन ने कहा। कि फूलपुर की दक्षिणी बेल्ट ने दिल खोलकर मतदान किया है। मत प्रतिशत भी पूरे जनपद में एक नंबर पर था। इसलिए हमारे प्रत्याशी की जीत में कोई शक सुबहा नहीं है। इसी प्रकार भाजपा के प्रवीण पटेल के खेमे में भी जीत का दावा किया जा रहा है। बता दें कि सपा भाजपा की फूलपुर सीट पर कांटे की लड़ाई मानी जा रही है। वही प्रतापपुर में त्रिकोणीय सपा, भाजपा, बसपा के बीच चाय पान की दुकानों पर लोग बाग कयास बाजी में जुटे हैं। इस मौके पर जियाउद्दीन अहमद, रामचंद्र यादव, प्रवेज भाई, संजय गौतम, अतीकुर्रहमान, अरशद उल्ला, शहजादे पहलवान आदि लोग मौजूद रहे।

# वृद्धा पेंशन पाने वाले आधार फीडिंग कराए

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**प्रयागराज ।** वृद्धा पेंशन पाने वाले बुजुर्ग अपनी फाइल आधार लिंक कराने तथा खाता संख्या पुनः फीड कराने के बाद अपनी फाइल ब्लॉक कार्यालय अथवा किसी जन सुविधा केंद्र से अपडेट करा ले। शासन के निर्देशानुसार अब जनवरी माह से ?500 के बजाय 1000 प्रतिमाह वृद्धावस्था पेंशन देय होगी। फूलपुर ब्लॉक के समाज कल्याण के ए डीओ प्रकाश पटेल ने एक भेंट में बताया। कि जल्द से जल्द अपनी फाइल ब्लॉक कार्यालय में खाता तथा आधार नंबर सहित अपडेट कराएं।

## मतगणना स्थल पर मोबाइल पूर्णतया वर्जित-जिला निर्वाचन अधिकारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 की मतगणना हेतु सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज में जनपद के समस्त ईवीएम मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें जिलाधिकारी ने बताया कि मतगणना स्थल पर मोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस पूर्णतया प्रतिबन्धित होंगे। प्रशिक्षण में पर्यवेक्षक, माइक्रो आब्जर्वर एवं गणना सहायक आदि शामिल हुये।इसमें सभी मतगणना कार्मिकों को सामान्य एवं ईवीएम और पोस्टल बैलेट से मतगणना करने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल द्वारा मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया गया एवं प्रशिक्षण सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना कार्मिक प्रशिक्षण को विधिवत् प्राप्त करें, यदि कहीं कोई समस्या या शंका होती है तो मास्टर ट्रेनर से समाधान करायें। उन्होने कहा कि सभी मतगणना कार्मिक सुबह 6 बजे महुली मण्डी समिति पहुॅच जाये, मतगणना कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं में कार्यवाही भी जायेगी। मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन/कोई भी इलेक्ट्रानिक डिवाइस पूर्णतया वर्जित है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, प्राचार्य शिव प्रकाश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, डिप्टी बीएसए सुधीर कुमार सिंह, सहित मास्टर ट्रेनर एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# थाना परिसर बारा पर छात्र छात्राओं का जागरूकता कार्यक्रम

(आधुनिक समाचार सेवा)
राकेश मिश्रा

**प्रयागराज ।** शासन के आदेशानुसार माध्यमिक विद्यालय प्रवेजाबाद कॉलेज के छात्र छात्राओं ने थाना परिसर में अपने विद्यालय के अध्यापक अध्यापिका ओं के साथ मौजूद बारा इस्पेक्टर कमलेश कुमार उनके साथ थाने की फोर्स जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद छात्र छात्राओं को पुलिस सहायता के विषय में जानकारी देते हुए आप सभी लोग निडर होकर के पठन-पाठन का कार्य अध्ययन करें आते जाते समय किसी भी प्रकार समस्या उत्पनन होती है तो महिला हेल्पलाइन से लेकर के नारी सुरक्षा के विषय तक पुलिस प्रशासन अपनी बात कहते हुए नजर आए डायल 112 से लेकर के थाने पर सूचित कर सकते हैं शासन प्रशासन का सहयोग बराबर मिलेगा किसी भी प्रकार झूठी अफवाह मत फैलाएं न्याय हित कार्य के लिए पुलिस प्रशासन सदैव तत्पर रहेगा ऐसी बातें बारा इपेक्टर कमलेश कुमार के द्वारा कही गई छात्र-छात्राओं में बड़ा उत्साह दिख रहा था थाना परिसर में छात्र-छात्राओं को सम्मान पूर्वक जलपान भी कराया गया इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी शिक्षक नागेश नारायण मिश्रा पूनम सिंह शिवा कुशवाहा सुशील कुमार विद्यालय के अध्यापक गण मौजूद



# अस्पतालों को भविष्य में मिलेंगे अभ्यस्त डाक्टर, ब्रिटिश काल से चली आ रहे नियम में हुआ है बदलाव

**प्रयागराज।** एमबीबीएस यानी डाक्टरी की पूरी पढ़ाई के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जो भी नए डाक्टर भेजे जाते हैं, उन्हें सीनियर डाक्टर के सानिध्य में रहकर रोग और रोगियों को ढंग से समझना पड़ता है। वजह होती है कि पढ़ाई के दौरान एमबीबीएस छात्रों का अधिकांश समय किताबों और कक्षाओं में जाता है। उन्हें रोगियों पर प्रैक्टिकल तीन वर्षों के बाद पीजी कोर्स में कराया जाता है । हालांकि भविष्य में इस व्यवस्था में बदलाव होने जा रहा है। एमबीबीएस की पढ़ाई में अब शुरुआती दिनों से ही छात्रों को अस्पतालों में प्रैक्टिकल के लिए भी भेजा जाएगा ताकि उनका अभ्यास पहले से और



अधिक हो सके। यह व्यवस्था लागू भी हो चुकी है। एक महीने तक चलने वाले फाउंडेशन कोर्स के बाद छात्रों को प्रैक्टिकल के लिए भेजा जाने लगेगा। एमबीबीएस की पढ़ाई में यूजी यानी कि अंडर ग्रेजुएट कोर्स होता है। इसमें अधिकांश समय किताबों में और कक्षाओं में जाता है इन छात्र-छात्राओं को अस्पतालों में प्रैक्टिकल का मौका पीजी कोर्स में ही मिल पाता है। स्वास्थ्य विभाग में यह व्यवस्था ब्रिटिश काल से चली आ रही है। इसमें कुछ नयापन लाने और आधुनिक जरूरतों को देखते हुए नेशनल मेडिकल काउंसिल ने नियम में बदलाव कर दिए हैं। यह बदलाव 2019 में हुए हैं। इसमें एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू होने पर एक महीने तक फाउंडेशन कोर्स में यह बताया जा जाएगा कि डाक्टर क्या होते हैं, रोग और रोगी क्या होते हैं। इस एक महीने के बाद अंडर ग्रेजुएशन की पढ़ाई के साथ-साथ इन्हें प्रैक्टिकल भी कराया जाएगा।

# बेटे मयंक के सपा में जाने के बाद रीता जोशी बोलीं- मैं भाजपा में थी और भाजपा में ही रहूंगी

**प्रयागराज।** तमाम कयासों के बाद इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र की भाजपा सांसद डाक्टर रीता बहुगुणा जोशी के पुत्र मयंक जोशी ने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। इस बात की घोषणा सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आजमगढ़ में चुनावी सभा के दौरान शनिवार को की। मंच पर उस समय मयंक जोशी भी मौजूद थे। इससे संगम नगरी में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। इसे लेकर डाक्टर रीता बहुगुणा जोशी से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि अभी वह संसदीय राजभाषा समिति के दौरे के तहत त्रिपुरा में हैं। बेटे के सपा में जाने की जानकारी टीवी चैनलों से उन्हें भी हुई है। वह इस पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगी। बोलीं कि जहां तक मेरा व्यक्तिगत प्रश्न है मैं भाजपा में थी और भाजपा में ही रहूंगी। भाजपा सांसद डाक्टर रीता जोशी ने यूपी विधानसभा चुनाव 2022 में अपने पुत्र मयंक के लिए पार्टी से टिकट की मांग की थी। वह चाहती थीं कि लखनऊ की कैंट सीट से टिकट मयंक को दिया जाए, क्योंकि वह लंबे समय से इस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। यहां तक कि उन्होंने अपने संसदीय सीट से त्यागपत्र की भी पेशकश की थी। एक अन्य कार्यक्रम में सांसद ने पहले ही कहा था कि वह 2024 के बाद सक्रिय राजनीति से हट जाएंगीा के ठीक एक दिन पूर्व सपा अध्यक्ष




अखिलेश यादव ने मयंक जोशी से मुलाकात की तस्वीर ट्वीट की थी। लिखा था कि यह शिष्टाचार भेंट है। उसी समय राजनीतिक गलियारे में माना जा रहा था कि मयंक जोशी ने सपा का दामन थाम लिया है। इस पर भाजपा सांसद डाक्टर जोशी ने कहा था कि यह शिष्टाचार भेंट के सिवा कुछ नहीं है। 27 फरवरी के बाद वह प्रयागराज से लखनऊ जाएंगी और बेटे से बात कर प्रकरण को समझेंगी। कि मयंक को भाजपा से टिकट न मिलने पर सपा ने अंतिम समय तक कैंट सीट का टिकट सुरक्षित रखा था और टिकट देने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि उनके कहने पर मयंक ने सपा से टिकट लेने से मना कर दिया था।

## प्रयागराज में छात्रा से दुष्कर्म व हत्या का आरोपित मुंबई में करीबियों के घर में है, गिरफ्तारी को टीम गई

**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर में बघाड़ा के जंगल में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई थी। इस मामले में फरार आरोपित निसार की लोकेशन मुंबई में पुलिस को मिल गई है। उसकी तलाश में कर्नलगंज पुलिस की एक टीम मुंबई गई है। पुलिस का कहना है कि वहां फरार आरोपित के कुछ करीबी रहते हैं, जिनके यहां उसके शरण लेने की संभावना जताई जा रही है। छात्रा को 22 जनवरी की शाम उसके प्रेमी अमन ने बघाड़ा के जंगल में बुलाया था। उसे जंगल के भीतर कुएं के पास ले जाकर फटकारने लगा था। अमन का कहना था कि वह कई और युवकों से फोन पर बात करती है, जबकि छात्रा इसका विरोध कर रही थी। छात्रा आक्रोशित जाने लगी तो अमन ने उसका मुंह दबा दिया था। अचेत होने पर उसके साथ दुष्कर्म किया था। बेहोशी की हालत में में फेंकने वाला था, तभी कुछ लोगों की आहट पाकर वह भाग निकला था। पुलिस ने अमन को गिरफ्तार कर छात्रा की लाश कुएं से बरामद की थी। हालांकि, अमन ने कुएं में शव को फेंकने से इन्कार कर दिया था इस उलझी गुत्थी को सुलझाने के लिए पुलिस ने सर्विलांस सेल का सहारा लिया और फिर मो. अफजल निवासी सादियाबाद को गिरफ्तार किया था। छात्रा से दुष्कर्म की बात कबूल करते हुए अपने साथी निसार का नाम बताया था। पुलिस ने निसार के बारे में पता किया तो मालूम चला कि वह मुंबई भाग निकला है। वहां उसके कुछ करीबी रहते हैं। इसके बाद पुलिस टीम मुंबई रवाना हो गई, जो शुक्रवार देर रात वहां पहुंच गई। निसार की गिरफ्तारी के लिए उसके करीबियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# मऊ में भीषण खूनी सड़क हादसा

## दो बसों की आमने-सामने भिड़ंत में दो सिपाहियों सहित 4 की मौत,16 गम्भीर रूप से घायल,हालात बनी मरणासन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शीतल निर्भीक**


**बलिया।**सीमावर्ती पड़ोसी मऊ जनपद के हलधरपुर थाना क्षेत्र के गुलौरी धर्मागतपुर गांधी आश्रम के पास शुक्रवार को दो बसों की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बसों के अगले यह हादसा ओवरटेक करने के चक्कर में हुआ है। दोनों बसों में सवार बलिया के सिपाही अनिल कुमार यादव और राजीव कुमार तिवारी के साथ ही रसड़ा क्षेत्र के दो अन्य लोग नाजिम और सदानंद की मौत हो गई मिली जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय से एक प्राइवेट बस यात्रियों को लेकर बलिया 50 वर्षीय अनिल कुमार निवासी गोविंदपुर जनपद गाजीपुर तथा 49 वर्षीय सदानंद राजभर निवासी सराय भारती रसड़ा जनपद बलिया के रुप में किया गया है। जबकि घायलों में 40 वर्षीय पूजा सिंह निवासी कंसो मऊ, 45 वर्षीय लल्लन चौहान निवासी कटिहारी रसड़ा जनपद बलिया, 42




हिस्से के परखच्चे उड़ गए। चुनाव ड्यूटी के लिए मऊ आ रहे पुलिस के दो जवानों सहित 4 लोगों की जान चली गयी।जबकि 16 लोग घायल बताए जा रहे हैं।घायलों को बस से निकाल कर एंबुलेंस और अन्य वाहनों से किसी तरह अस्पताल पहुंचाया गया है।जिसमे ज्यादातर घायलों की हालात मरणासन्न बनी हुई है।जिसके परिणाम स्वरूप वे उपचार के दौरान अस्पताल मे जिंदगी और मौत से जूझ रहे है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, के लिए निकली थी। जैसे ही वह हलधरपुर थाना क्षेत्रके धर्मागतपुर गांव के सामने पहुँची उसी समय मऊ की तरफ आरही एक स्कूल बस से जबरदस्त टक्कर हो गई। स्कूल बस में पुलिसकर्मी सवार थे, जो चुनाव ड्यूटी के लिए मऊ आ रही थी। इस हादसे में बस में सवार बलिया के रसड़ा थाने के निवासी बताये जा रहे है। मृतकों की शिनाख्त 40 वर्षीय नाजिर निवासी सवरा जनपद बलिया, 46 वर्षीय राजू तिवारी निवासी बलिया, वर्षीय पवन कुमार निवासी कंसो जनपद बलिया, बस का खलासी 40 वर्षीय विजय शंकर सिंह निवासी कंसो जनपद बलिया समेत एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रुप से घायल हो गए।घटना की सूचना पाते ही पुलिस अधीक्षक सुशील घुले,अपर पुलिस अधीक्षक भारी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए।पुलिस टीम ने चारों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# वाराणसी में पीएम नरेन्द्र मोदी बोले- सबका साथ सबका विकास सिर्फ नारा नहीं, यह हमारा कमिटमेंट

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार बनारस में विधानसभा चुनाव की अंतिम सभा को संबोधित करने सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के खजुरी पहुंच रहे हैं। शनिवार को वाराणसी में अंतिम चरण के चुनाव के लिए प्रचार का अंतिम दिन है। जबकि सात मार्च को मतदान वाराणसी में होना है। वहीं खजुरी की जनसभा के लिए पीएम के आने से पहले ही लोगों का हुजूम सभास्थल पर पहुंचा। वहीं पीएम नरेन्द्र मोदी की जनसभा के दौरान मंच पर जिले के सभी प्रमुख पार्टी उम्मीदवार भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री जनसभा स्थल पर दोपहर 1.30 बजे पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंच पर चढ़ते ही विधायक नीलरतन पटेल से उनके स्वास्थ्य का हाल पूछा। पीएम ने मंच से जनता को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर वार किया। पीएम ने सपा कांग्रेस पर वार करते हुए कहा कि घोर परिवारवादी देश हित में नहीं अपने हित में काम किया। पीएम ने कहा यहीं से 2014 का डंका बजल रहल यह इस चुनाव की आखिरी सभा है। इस सदी में कई चुनौतियां रही हैं, सरकार उन सभी चुनौतियों से बेहतर तरीके से लड़ रही है। कहा कि मित्रों मेरी यह आखिरी सभा है। उत्तर प्रदेश ने अभी तक ऐसा चुनाव नहीं देखा होगा। जब कोई सरकार विकास, सुदृण कानून व्यवस्था देने के दम पर जनता का आशीर्वाद मांग रही हो। बांदा से लेकर बहराइच तक पूरा यूपी बिना बटे एक जुट होकर कह रहा है आएगी तो भाजपा ही, आएंगे तो योगी ही। गुंडागर्दी, भाई भतीजावाद, परिवारवाद को लोग नकार चुके हैं। जो लोग केवल अपना विकास करें और अपने परिवार का विकास करे उनका साथ दोगे क्या। यह जो कहते हैं वह करते नहीं और जो नहीं कहते वह करवाते हैं। परिवारवाद के लोगों के घोषणा पत्र में दंगा तो नहीं था। पर उन्होंने पांच साल तक दंगे ही दंगे करवाए। दफ्तरों और थानों में पांच साल भाई भतीजावाद ही चलता रहा। काशी के पुरातनता को बनाए रखते हुए आधुनिक स्वरूप देना, बिजली के तारों के जंजाल से मुक्ति, चौड़ी होती सड़कें, नए सड़क और फ्लाईओवर, 450 सौ करोड़ रुपये किसानों के खाते में पहुंचाया गया, कार्गो सेंटर, गोबर गैस प्लांट, दूध प्लांट, चावल अनुसंधान, प्राकृतिक खेती पर काम हुआ है। दस मार्च को चुनाव नतीजे आने के बाद और भी विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर काम किया जायेगा। पहले कैंसर का इलाज मुंबई और दिल्ली में होता था अब काशी में हो रहा है। यही तो विकास है। इससे पूर्वांचल के लोगों में विश्वास बढ़ा है। 21 वीं सदी देश के लिए कुछ चुनौतियां लेकर आया है। इसमें हम अवसर खोजेंगे। आज पंचायत के चुनाव में लोग वोट देते हैं तब लोग विकास के नाम पर वोट देते हैं। तो फिर यह तो विधानसभा का चुनाव है। भारत के लोग जब संकट से जूझते हैं तब परिवारवाद के लोग उसमें मदद के बजाए और उनको संकट में डालता है। यह हमने कोरोना के समय भी देखा। और आज यूक्रेन संकट के समय में भी देख रहा हूं। नकारात्मकता इनकी विचार धारा बन गयी है। देश का खजाना भले ही खाली हो जाए लेकिन गरीबों की रसोई का चूल्हा हमेशा जलता रहे। देश की आजादी के बाद लगातार दो साल तक गरीबों को मुफ्त राशन दिया गया। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है।



हमें उन गरीबों का आशीर्वाद मिलता रहा है। भाईयों बहनों आप सबने टीका लगवाया क्या। क्या आपको कहीं पैसा देना पड़ा। जब नहीं तब भी परिवारवाद के लोगों के मुंह से कभी एक सही शब्द निकला क्या। हमने दस करोड़ शौचालय बनवाया। हमें उन माताओं-बहनों का आशीर्वाद मिला है। उन माताओं-बहनों ने उसे इज्जत घर का नाम दिया है। पहले उनको शौच जाने के लिए सूरज उगने से पहले और सूरज ढलने का इंतजार करना पड़ता था। हमने उनकी कठिनाइयों को समझा और घर-घर शौचालय बनवाया। अब बताओ जरा जब स्वच्छता बढ़ेगी तब गरीबों के बच्चे बीमार नहीं पड़ेंगे, तब गरीबों का पैसा बचेगा। आज देश ही नहीं विदेश में भी लंगड़ा आम से लेकर खादी तक का प्रचार हो रहा है। लोकल फार वोकल हो, क्या बनारसी साड़ी, मैं जहां-जहां जाऊं और बनारसी लंगड़ा आम के गीत गाऊं तो किसानों को फायदा होगा की नहीं बनारसी खिलौने का प्रचार प्रसार करूं तो उन गरीबों की आय बढ़ेगी की नहीं। क्या यह गलत काम है। लेकिन हमारे विरोधी कभी इसका नाम नहीं लेते। आज दुनियाभर में योग और आयुष की धूम है। लेकिन हमारे विरोधी योग का भी विरोध करते हैं। कारण की आप योग करोगे तो निरोग रहोगे। तब मोदी- मोदी गाओगे। एक समय में खादी कांग्रेस की पहचान हुआ करती थी। मैं केवल बनारस मंडल की बात करूं तो 170 करोड़ रुपये की आय खादी को हुई है। इससे कितनों गरीब माताओं- बहनों की आय बढ़ी है। आपके घर-परिवार में किसी का जन्मदिन हो तो उत्सव मनाते हैं कि नहीं तो हमने देश की आजादी का जन्मदिन मनाया। जिसे आजादी का अमृत महोत्सव का नाम दिया। लेकिन विपक्ष के लोग कभी इसका नाम नहीं लिए। यूपी के लोग छह चरणों में विपक्ष को नकारते हुए भाजपा को समर्थन किया है। उम्मीद है सातवें चरण में ढेर सारा आशीर्वाद पूर्वांचल के लोग देंगे। दस मार्च के बाद उज्ज्वला योजना, नए पुल और सड़कें, महिला सशक्तिकरण पर ढेर सारा काम किया जाएगा। और ये जो मुट्ठी भर अपराधी हैं उनको खत्म करने का काम किया जाएगा। मैं माताओं-बहनों से कहना चाहता हूं कि आप जो मुझे ढेर सारा आशीर्वाद देने जा रही हैं उसके लिए मैं एडवांस में धन्यवाद देने यहां आया हूं। माताओं-बहनों के अस्मिता की सुरक्षा हमारा जीवन है। कल जब मैं अपने जनता का दर्शन करने काशी की सड़क पर निकला तो उसमें भी माताओं-बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अपना दल के लिए वोट मांगना मेरा भी हक है। अनुप्रिया जी से तो परिचय बाद में हुआ। सोनेलाल पटेल जी से पुराना संबंध है। उन्होंने गरीबों के कल्याण के लिए काम किया है। आज हमें उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का अवसर मिला है। जिसे हम करेंगे।

# वाराणसी से अखिलेश यादव ने साधा पूर्वांचल का चुनाव जानिए क्या बनाई रणनीति

**वाराणसी।** भाजपा की ही तरह समाजवादी पार्टी की ओर से भी वाराणसी में चुनावी रणनीति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में बनी और बूथ के साथ ही चुनाव जीतने के लिए अधिक से अधिक जनसंपर्क पर जोर दिया। यूपी



के पश्चिमी और मध्य क्षेत्र में जहां पर मतदान हो चुका था वहां से पार्टी के पदाधिकारियों को भी जनसंपर्क के लिए पूर्वांचल में उतार दिया गया है। पूर्वांचल में खासकर अवध के क्षेत्रों के पार्टी पदाधिकारियों की अधिक डिमांड रही। इसके लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप तिवारी की ओर से बाकायदा पत्र जारी कर मतदान हो चुके जिलों से पार्टी पदाधिकारियों को पूर्वांचल में सक्रिय होने का निर्देश दिया गया है। वहीं वाराणसी में तीन दिन तक प्रवास कर अखिलेश यादव ने भी सभी विधानसभाओं पर बारीकी से नजर रखी और एक एक कर सभी का हाल लेने के साथ ही कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से भी अंतिम समय तक संपर्क साध कर चुनाव जिताने के लिए जोर दिया। वहीं वाराणसी में तीन दिन से प्रवास कर रहे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव और महामृत्युंजय मंदिर में दर्शन पूजन कर जीत की कामना की। वहीं अखिलेश यादव से मिलने और सेल्फी लेने के लिए मंदिर के बाहर सपाइयों का हुजूम भी उमड़ा रहा। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अंतिम और सातवें चरण के मतदान के लिए पूर्वांचल में बड़े से लेकर छोटे नेताओं की कैंपिंग भी अब अपने अंतिम दौर की ओर चल रही है। इसके साथ काशी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर के उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तक अपने पार्टी के उम्मीदवारों की जीत पक्की करने के लिए सड़क सड़क और गली गली घूम रहे हैं।शनिवार की सुबह ही उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा प्रमुख अखिलेश यादव दारानगर स्थित महामृत्युंजय मंदिर और काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव के दरबार में दर्शन पूजन किया। अखिलेश यादव ने विधि विधान से पूजन कर जीत का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान दोनों मंदिरों के बाहर सपाइयों का हुजूम उमड़ पड़ा था। सपा कार्यकर्ताओं में अखिलेश यादव से मिलने और उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ मची हुई थी। अखिलेश यादव ने भी पार्टी के कार्यकर्ताओं का गर्मजोशी से अभिवादन किया और विधानसभा चुनाव 2022 में पूर्ण बहुमत से उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार आने की बात कही। दर्शन पूजन करने के बाद अखिलेश यादव सर्किट हाउस की ओर रवाना हो गए। इस दौरान उनके साथ शहर दक्षिणी से सपा उम्मीदवार महंत किशन दीक्षित, ईशान श्रीवास्तव दारानगर के पार्षद मनोज यादव, मनोज राय धूपचंडी सहित अन्य नेता मौजूद थे।

# भदोही में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ - 'सपा का ध्यान केवल कब्रिस्तान की बाउंड्री करने में था'


**भदोही।** चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भदोही पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मंच से विपक्षी दलों पर जहां वार किया वहीं प्रदेश के हित में प्रयाशियों को जिताने की जनता से अपील भी की। उन्होंने कहा कि तीसरे चरण के बाद के रुझान को देखते हुए विपक्ष के नेताओं ने उत्तर प्रदेश छोड़ने का मन बना लिया है। वे अब विदेश की टिकट बुक करा रहे हैं। यहां के लोग तीनो सीटें दिलाते हैं तो और दमदार



सरकार बनेगी। 2017 के पहले सपा और बसपा ने और देश को लूटा है। जनता के पैसों को हजम किया है। न बिजली,न ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता था। बिजली की स्थिति थी कि दूसरे गांव में जाकर मोबाइल चार्ज करना पड़ता था लेकिन अब ऐसा नहीं उन्होंने जनता से सवाल किया अब बिजली की क्या स्थिति है जवाब आया भरपूर बिजली मिल रही है। कहा कि सरकार को 3 साल ही हुए थे कि कोरोना की लहर में सब कुछ डिस्टर्ब कर दिया लेकिन मोदी सरकार ने ऐसी प्लानिंग की फ्री में टेस्ट हुआ वैक्सीन फ्री लगी और उपचार भी फ्री हुआ। यही सपा की सरकार रही होती वैक्सीन ब्लैक में मिलती है। भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास मैं विश्वास रखती है। सरकार की अधिकांश योजनाएं गरीबों के हित में बनाई गई हैं लेकिन सपा बसपा इन योजनाओं पर डकैती डालती थी। कहा कि सपा के लोग परेशान हैं यहां इतना काम कैसे हो गया सफाई अधिक विकास में विश्वास रखती तो आज प्रदेश की तस्वीर दूसरी होती। उसका ध्यान तो केवल कब्रिस्तान की बाउंड्री करने में रहा है। हमने हर स्मारक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्थल, धार्मिक स्थल सभी का विकास किया है उनको नई पहचान दी है। श्री राम मंदिर का निर्माण, बाबा विश्वनाथ धाम विंध्यवासिनी धाम नई पहचान के रूप में सामने आया। कहा विकास और बुलडोजर दोनों साथ साथ चलते हैं। जहां विकास होगा वहां बुलडोजर रहना जरूरी है। इसीलिए दमदार सरकार की जरूरत है।

# गोरखपुर से सोनभद्र चुनाव ड्यूटी में आ रहे पैरामिलिट्री फोर्स की बस मारकुंडी घाटी में गिरी, एक जवान की मौत

**वाराणसी।** यूपी में विधानसभा चुनाव के आखिरी चरण में मतदान संपन्न कराने के लिए सुरक्षा बलों की टुकड़ी भी पहुंचने लगी है। इसी कड़ी में सोनभद्र जिले में गोरखपुर से आ रही पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों से भरी बस मारकुंडी घाटी में उतरते समय पलट गई। हादसे की जानकारी होने के बाद राहत और बचाव कार्य को शुरू किया गया। हादसे में जहां एक जवान ने दम तोड़ दिया वहीं दर्जन भर से अधिक घायलों में तीन जवानों की हालत अधिक चिंताजनक बनी हुई है। राबर्टसगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत मारकुंडी पुरानी घाटी दुर्गा मंदिर के पास घाटी में उतरते समय सीआईएसएफ के जवानों को लेकर रोड़वेज बस सैकड़ों फीट खाई में जा गिरी, जिसमें एक जवान की मौत हो गई। इसमें तीन लोगों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। शेष जवानों का जिला चिकित्सालय इलाज चल रहा है। वहीं हादसे की जानकारी होने के बाद मौके पर सुरक्षा अधिकारी भी पहुंचे और जवानों का हालचाल लिया। वहीं प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य का जायजा लिया। पुलिस के अनुसार सीआईएसएफ के 37 जवान गोरखपुर से सोनभद्र चुनाव में ड्यूटी करने के लिए सोनभद्र जिले में आ रहे थे। इस दौरान शुक्रवार की मध्यरात्रि के लगभग मारकुंडी पुरानी



घाटी दुर्गा मंदिर की दूसरी घाटी में बस अनियंत्रित होकर सैकड़ों फीट खाई में जा गिरी। उसमें सवार जवान कृष्णबीर सिंह (45) वर्ष पुत्र जोगेन्द सिंह ?निवासी सलोनी, बहादुरगढ़, गाजीपुर की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों जवानों को जिला चिकित्सालय भेज दिया, घायल कुल 15 मे से तीन जवानों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। वहीं प्रशासन की ओर से मृत जवान के परिजनों को हादसे से अवगत करा दिया गया है। माना जा रहा है कि अब घायल जवानों की जगह दूसरे जवानों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

# जौनपुर में गृहमंत्री अमित शाह ने पूछा अतीक कहां हैं, मुख्तार कहां हैं, आजम कहां हैं

**जौनपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मल्हनी विधानसभा क्षेत्र के नौपेड़वां में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सीमा व सेना पर आंख उठाने वालों को दंडित किया है। कहा कि कश्मीर भारत का हिस्सा है। सपा, बसपा व कांग्रेस ने 70 सालों तक इस पर कुछ नहीं बोला। भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 दिन में धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का हिस्सा बना दिया। कहा कि कश्मीर को लेकर अखिलेश बाबू कहा करते थे कि अगर धारा 370 को हटाया गया तो पूरे देश में खून की नदियां बह जाएंगी। अरे अखिलेश बाबू किसे डराते हो, मैं डरने वाला नहीं हूं। प्रधानमंत्री ने चुटकी बजाकर धारा 370 को समाप्त कर दिया। खून की नदियां क्या कंकड़ तक मारने वाला कोई नहीं था। कहा कि मोदी ने देश की सुरक्षा को सुनिश्चित किया। पाकिस्तान से आने



वाले आलिया, मालिया व जमालिया जब आतंकी हमला करते थे तो देश के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह उफ तक नहीं किया करते थे। आज कांग्रेस और सपा, बसपा की सरकार नहीं है। प्रधानमंत्री ने इसका जवाब सर्जिकल स्ट्राइक से देकर विरोधियों का आतंकियों का नाश कर दिया। अमित शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश से माफियाओं को समाप्त कर दिया गया है। जनता से सवाल पूछते हुए कहा कि आज अतीक कहां है, मुख्तार कहां हैं, आजम कहां हैं, इसके बाद कहा कि एक-दो छूट गए हैं। जिन्हें भाजपा की सरकार बनते ही पुनः जेल में भेज दिया जाएगा। कहा कि उत्तर प्रदेश को माफिया मुक्त कराने के साथ ही राजनीति को भी अपराधीकरण से मुक्त कर दिया जाएगा। कानून व्यवस्था के सवाल पर अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश को बेहतर कानून व्यवस्था दिखाई नहीं देगी, क्योंकि उनकी आंख पर काला चश्मा चढ़ा है। काला चश्मा वाले को सब कुछ काला दिखता है। कहा कि योगी सरकार ने अपराध के आंकड़े को कम कर दिया है। हत्या लूट व डकैती व दुष्कर्म की घटनाएं न के बराबर रह गयी हैं।

# अखिलेश की आजमगढ़ में छह जनसभाएं, केंद्र और राज्य सरकार पर साधा निशाना

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी की ओर से पूर्वांचल में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आजमगढ़ जिले की दसों विधानसभा की सीटों को साधने का प्रयाय किया जा रहा है। शनिवार की शाम छह बजे चुनाव प्रचार की समाप्ति के पूर्व आजमगढ़ जिले की दसों सीटों को चुनाव के लिहाज से साधने का प्रयास हो रहा है। वहीं सुबह अखिलेश यादव ने सुबह वाराणसी में मंदिरों में हाजिरी लगाकर चुनाव प्रचार के लिए आजमगढ़ का रुख किया। विभिन्न जनसभाओं में अखिलेश ने केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए पार्टी और गठबंधन प्रत्याशियों को चुनाव जिताने की अपील की। पूर्व मुख्यमंत्री व सपा मुखिया अखिलेश यादव छह स्थानों पर चुनावी सभा करके सभी 10 विधानसभा क्षेत्र की जनता को साधेंगे। पूर्व सीएम 11 बजे रानीपुर (एकडंगी) में अतरौलिया व फूलपुर विधानसभा की चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा सगड़ी विधानसभा क्षेत्र के करमैनी स्थित वीर अब्दुल हमीद इंटर कालेज में 12 बजे, गोपालपुर विधानसभा के भगतपुर (बघेला) में 12.45 बजे, निजामाबाद विधानसभा के मधसिया तहबरपुर में 1.30 बजे सभा करेंगे।शहर से सटे बैठौली के मैदान में 2.15 बजे आयोजित सभा में तीन विधानसभा आजमगढ़, मुबारकपुर व मेंहनगर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे, तो तीन बजे त्रिवेणी पीजी कालेज, बरदह में दीदारगंज व विधासभा की चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

# चंदौली में चुनाव ड्यूटी पर आए केरल के सीआरपीएफ जवान ने गोली मारकर की आत्महत्या

**चंदौली।** चकिया विधान सभा चुनाव ड्यूटी में आए केरल निवासी सीआरपीएफ आठवीं बटालियन के जवान विपिन (38) ने शुक्रवार की रात खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वह सिकंदरपुर स्थित



एसआरबीएस स्कूल में अन्य जवानों के साथ ठहरे हुए थे। प्रथम दृष्टया पुलिस घटना का कारण पारिवारिक तनाव मान रही है। हालाकि अन्य पहलुओं पर भी गहनता से जांच की जा रही है। सिकंदरपुर स्थित एसआरबीएस स्कूल में घटना होने के बाद अन्य साथियों में हड़कंप मच गया। बताया गया कि वह आठवीं बटालियन उड़ीसा में तैनात था। वहीं घटना के बाद एसपी सीआरपीएफ कमांडेंट सहित आला अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया। विधानसभा चुनाव ड्यूटी में जनपद में आए सीआरपीएफ के तीन कंपनी जवान शुक्रवार की दोपहर 2 बजे सिकंदरपुर स्थित एसआरवीएस स्कूल में पहुंचे। इसमें उड़ीसा में नियुक्त आठवीं बटालियन के विपिन कुमार भी थे। रात्रि में सभी जवान भोजन करने के बाद अपने अपने बैरक में चले गए। रात्रि लगभग 12 बजे अपनी सर्विस राइफल लेकर वे बाहर निकले और महाविद्यालय परिसर स्थित पानी टंकी के पास सीढ़ी पर खुद को कनपटी में गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर हमें जवान सनन्‌ हो गए। जवान बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन में साथी जवान घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को देते हुए उसे संयुक्त चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक व सीआरपीएफ के उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचकर आवश्यक पूछताछ की। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना को लेकर सीआरपीएफ के अधिकारी कुछ बोलने से बच रहे हैं। परंतु जवान के द्वारा खुद को गोली मारकर आत्महत्या किए जाने से तमाम तरह के सवाल उठ रहे हैं। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि केरल प्रान्त के कुन्नूर जिला निवासी मृतक जवान विपिन के सिर से खून निकल रहा था और उनकी इंसास राइफल और एक खाली बुलेट बगल में गिरी हुई थी।

# सम्पादकीय

## उत्तर प्रदेश जातीय और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण से आगे बढ़कर वर्ग राजनीति और वर्ग केंद्रित धुरुवीकरण की ओर बढ़ चला है

राजनीतिक दृष्टि से देश के सबसे महत्वपूर्ण प्रांत उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव अंतिम चरण में हैं। परिणामों को लेकर सबकी उत्सुकता बढती जा रही है। इसमें संदेह नहीं कि बहुदलीय व्यवस्था के बावजूद चुनाव मुख्यतः दो गठबंधनों भाजपा-अपना दल-निषाद पार्टी यानी राजग और सपा-रालोद-सुभासपा आदि के बीच सिमट गया है। बसपा और कांग्रेस उतनी मजबूती से चुनाव नहीं लड़ पा रही हैं। सपा-रालोद अपनी रैलियों में आने वाली भीड़ और मुस्लिम समर्थन से उत्साहित रहीं, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानून-व्यवस्था, विकास, गरीबों को दो वर्ष से मुफ्त राशन देने और विभिन्न वर्गो के लोगों के खातों में सीधे पैसे भेजने वाली योजनाओं को लेकर आत्मविश्वास से लबरेज दिखे। वैसे तो चुनाव परिणाम आने के बाद विश्लेषक अनेक कारणों को विजय और पराजय के लिए चिन्हित करते हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश में अधिकतर विश्लेषण जातीय गुणा-भाग और सांप्रदायिक धरुवीकरण के आधार पर करने की प्रवृत्ति रही है। जातीय धरुवीकरण ने प्रदेश को अस्मिता की राजनीति और सांप्रदायिक धरुवीकरण ने दंगों की ओर धकेला। इन दोनों धरुवीकरणों का लाभ सभी दलों ने लेने की कोशिश की। इसमें आंशिक सफलता भी मिली। दिसंबर 1989 के बाद प्रदेश में लंबे समय तक बसपा और सपा की सरकारें रहीं। ध्यान देने की बात है कि 2007 में मायावती और 2012 में अखिलेश यादव ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई, पर दोनों का मत प्रतिशत 30 या उससे कम रहा। जब अस्मिता की राजनीति का मिथक तोड़ भाजपा ने समावेशी राजनीति की ओर कदम बढ़ाया तो उसे जाति-संप्रदाय से ऊपर उठकर 2017 में 41 प्रतिशत से अधिक मत मिले, जो 2007 और 2012 में मिले मतों के मुकाबले लगभग 26 प्रतिशत अधिक थे। यह चमत्कार हुआ कैसे? इसकी शुरुआत 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के साथ ही हो गई थी। उन्होंने समावेशी राजनीति को वास्तविक स्वरूप देने के लिए जाति-संप्रदाय से ऊपर उठकर विभिन्न वर्गो को अपना लक्ष्य बनाया। शुरू में उन्होंने तीन वर्गो-महिलाओं, किसानों और गरीबों पर ध्यान दिया। यह एक नई राजनीति की शुरुआत थी, जो जाति या संप्रदाय देखे बिना नीतियों का निर्माण कर रही थी। महिलाओं के बीच उज्ज्वला योजना ने जो प्रभाव दिखाया, वह सर्वविदित है। इसी तरह शौचालय योजना ने महिलाओं को उस असुरक्षा और लज्जा से बचाया, जिसकी कभी वे कल्पना भी नहीं कर सकती थीं। महिला-सुरक्षा और महिला-सशक्तीकरण की ऐसी ही अनेक योजनाओं को व्यावहारिक रूप देकर मोदी ने उनका भरोसा जीता। इसके अतिरिक्त मुस्लिम महिलाओं को तीन-तलाक से जो सुरक्षा प्राप्त हुई, उसे तो वे किसी से बता भी नहीं सकतीं। महिलाओं को आधी आबादी कहकर संबोधित किया जाता है। ऐसा लगता है कि इस चुनाव में आधी आबादी का सुरक्षा के पक्ष में मौन-धरुवीकरण हुआ है, जो किसी चुनावी अध्ययन या सर्वे में पकड़ में आने वाला नहीं। किसानों को लेकर भले ही एक तबके में यह विमर्श उभरा हो कि कृषि कानूनों के कारण किसान नाराज हैं, लेकिन छोटे और सीमांत किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत दो हजार रु की जो धनराशि वर्ष में तीन बार मिल रही है, उसे वह दिखाई दे रही है। उसमें कोई बिचौलिया भी नहीं है। ऐसी ही अनेक योजनाओं के पैसे सीधे खाते में आते हैं, जिससे गरीब किसानों की आर्थिक सुरक्षा बढ़ी है। पहले इन योजनाओं के लिए लोगों को दफ्तरों के चक्कर भी काटने पड़ते थे और घूस भी देनी पड़ती थी। ऐसा नहीं कि गांव में किसानों की समस्याएं समाप्त हो गई हैं, लेकिन आयुष्मान से स्वास्थ्य सुरक्षा, फसल बीमा से उत्पाद सुरक्षा और खाते में सीधे पैसे आने से वित्तीय सुरक्षा में बढ़ोतरी हुई है, जो कानून-व्यवस्था में सुधार से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा के अतिरिक्त है। यही स्थिति समाज के गरीब, दलित, शोषित, वंचित वर्ग की भी है, जिसे उनकी भाषा में मोदी और योगी सरकार 'कुंडी खटकाकर दो वर्षों से राशन दे रही है, जो आज तक किसी सरकार ने नहीं दिया। इस प्रकार उत्तर प्रदेश में महिलाओं, छोटे एवं सीमांत किसानों और गरीबों, इन तीन वर्गों का राजनीतिक समूहों के रूप में अभ्युदय हुआ है, जो प्रदेश की राजनीति को एक नया मोड़ दे सकता है, जिसे अभी कोई स्वीकार करना नहीं चाहता। हम जाति और संप्रदाय से इतने अभिभूत हैं कि इस वर्गीय ध्रुवीकरण की नई प्रवृत्ति को बहुत महत्व नहीं दे पाते, लेकिन परिवर्तन तो प्रकृति का नियम है। यदि ऐसा नहीं होता तो 2017 के विधानसभा 41 प्रतिशत से अधिक और 2019 के लोकसभा चुनावों में 50 प्रतिशत से अधिक वोट कैसे मिलते यह दर्शाता है कि समावेशी राजनीति के कारण भाजपा ने अपने परंपरागत जनाधार से आगे जाकर दलितों, पिछड़ों और मुस्लिमों में भी अपने जनाधार का विस्तार किया है। पिछले दो चुनावों में भाजपा को सात से नौ प्रतिशत तक मुस्लिम मत भी मिले थे। लगता नहीं कि इस बार इसमें कोई गिरावट होगी।

## यूक्रेन संकट की जड़ तक पहुंचने के साथ ही यह जानना भी जरूरी है कि इसमें भारत के लिए क्या सबक छिपा है

रूस ने भले ही करीब एक सप्ताह पहले यूक्रेन पर हमला बोला हो, लेकिन इस हमले केबीज बहुत पहले ही बोए जा चुके थे। 2008 में जार्जिया को खंडित करने के साथ ही रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने स्पष्ट कर दिया था कि वह नाटो की घेराबंदी बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसी मकसद से उन्होंने 2014 में क्रीमिया पर कब्जा किया और अब उसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए यूक्रेन के खिलाफ जंग छेड़ दी। सोवियत संघ के जिस गौरवशाली इतिहास का सपना पुतिन संजोए हैं, उसके अतीत में जर्मन नाजियों का विश्वासघात भरा रक्तरंजित अध्याय है। यह द्वितीय विश्व युद्ध के समय की बात है, जब हिटलर ने मोलोटोव-रिबेंट्रोप संधि का उल्लंघन करते हुए 1941 में सोवियत संघ पर हमला बोलकर रूसी तानाशाह जोसेफ स्टालिन समेत पूरी दुनिया को हैरान कर दिया था। करीब चार साल तक चली उस जंग में लाखों रूसी मारे गए। जैसे-तैसे रूसी रेड आर्मी हमलावरों को खदेडे में कामयाब हुई। द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद दुनिया अमेरिका और सोवियत संघ के बीच शीत युद्ध में फंस गई। इस दौरान अमेरिका ने नाटो नाम से सैन्य संगठन का गठन किया। उसके जवाब में सोवियत संघ ने वारसा पैक्ट बनाया। सोवियत संघ के विघटन के बाद वारसा पैक्ट निष्प्रभावी हो गया, जबकि नाटो का लगातार विस्तार होता गया। पहले चेक रिपब्लिक, हंगरी और पोलैंड को नाटो में शामिल किया गया। फिर पूर्व में सोवियत संघ का हिस्सा रहे बाल्टिक देश लिथुआनिया, लातविया और एस्टोनिया को। नाटो की इस घेराबंदी का विरोध रूस 1997 से ही करता आ रहा है। तब तत्कालीन रूसी राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन से नाटो को समाप्त करने का अनुरोध किया था, लेकिन उसका कोई फल नहीं निकला। उलटे नाटो का दायरा बढ़ता ही गया। यदि यूक्रेन भी नाटो का हिस्सा बन जाता तो रूस पूरी तरह विरोधी ताकतों से घिर जाता। भौगोलिक स्थिति के कारण यूक्रेन रूस और यूरोपीय देशों के बीच बफर स्टेट जैसा हो सकता है। उस पर कब्जा कर रूस काले सागर पर भी अपना आधिपत्य जमा सकता है। यूक्रेन के इसी महत्व को देखते हुए रूसी क्रांति के जनक लेनिन ने कहा था कि रूस के लिए यूक्रेन को गंवाना ठीक वैसे ही होगा, जैसे शरीर से एक हिस्से को अलग कर दिया जाए। प्राकृतिक संसाधनों की अधिकता के कारण भी यूक्रेन बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। यह उल्लेखनीय है कि यूक्रेन के स्वतंत्र राष्ट्र बनने के बाद भारत ही वह प्रथम देश था, जिसने वहां अपना दूतावास खोला था। हालांकि यूक्रेन ने भारत के प्रति सदाशयता नहीं दिखाई। फिर चाहे कश्मीर का मसला हो या परमाणु परीक्षणों का, कीव ने नई दिल्ली को निराश ही किया। वह भारत पर परमाणु अप्रसार का दबाव बनाने वाली लाबी का भी हिस्सा रहा। इतना ही नहीं वह पाकिस्तान को सैन्य आपूर्ति भी करता रहा है।

# नई विश्व व्यवस्था के संकेत के रूप में दिख रहा है रूस-यूक्रेन युद्ध


रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध ने एक नवीन विश्व व्यवस्था का स्पष्ट संकेत दे दिया है। वैश्विक महाशक्तियों के टकराव की आशंका के साथ विश्व की अगुवाई करने वाले नए समूह के गठन की संभावनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता है। इतिहास खुद को दोहराता है और यह बात साबित होती भी दिख रही है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जिस प्रकार विश्व दो धरुवों में बंट गया था, आज एक बार फिर वैसा ही परिवेश तैयार हो चुका है। कोरोना के पूर्व और बाद में वैश्विक अस्थिरता और अशांति की स्थितियों के बीच जिस प्रकार विश्व के विभिन्न देश आंतरिक और बाहरी संघर्ष से जूझ रहे हैं, वह स्पष्ट रूप से विश्व को एक नई दिशा की ओर धकेलने वाला है। चाहे वह रूस और यूक्रेन का जारी युद्ध की स्थिति हो, अफगानिस्तान का मुद्दा हो, सीरिया का मुद्दा हो, इरान-अमेरिका विवाद, ईराक- इजराइल विवाद, पश्चिम एशिया सहित समूचा मध्य पूर्व और एशिया किसी न किसी विवाद में फंसा हुआ है। दूसरी तरफ चीन की विस्तारवादी नीति के कारण दक्षिण चीन सागर क्षेत्र सहित विभिन्न देशों में कई तरह के नए स्वरूपों में विवाद बनते जा रहे हैं। नाजुक और बेहद संतुलित सामरिक संबंधों की विश्व व्यवस्था निरंतर परिवर्तनकारी रहती है। विश्व व्यवस्था की नवीन संरचना भी इसी सिद्धांत पर निर्भर है। वर्तमान में वैश्विक स्तर पर जिस प्रकार के परिवर्तन हो रहे हैं उसने विश्व व्यवस्था के नए आयाम खड़े किए हैं। इसमें विभिन्न देशों के आंतरिक संबंध ही नहीं, बल्कि द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंध भी लगातार बदल रहे हैं। विगत वर्ष जब अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन और रूस के राष्ट्रपति



व्लादिमीर पुतिन के बीच जेनेवा में आयोजित शिखर बैठक संपनन्‍ हुई थी, उससे कई तरह के कयास लगाए गए थे। दोनों बड़ी शक्तियों के नेताओं की मुलाकात ऐसे समय में हुई थी, जब दोनों देशों के नेताओं का मानना था कि अमेरिका और रूस के संबंध अब तक के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। वैश्विक स्तर पर सामरिक जानकार इसका विश्लेषण अलग-अलग तरीके से कर रहे थे। हालांकि इस शिखर सम्मेलन से जितनी उम्मीदें की जा रही थीं, उतनी संभव नहीं थी। लेकिन इसे तनाव कम करने और कूटनीतिक संबंधों की बहाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा था। एक साल भी नहीं बीते कि मामला फिर से वहीं पहुंच गया। यूक्रेन मामले ने इस आग में घी डालने का काम कर दिया। विगत कुछ वर्षों से भारत का अमेरिका और रूस दोनों के साथ अच्छे संबंध बने हैं। किंतु हाल के समय में रूस के साथ संबंधों में थोड़ी जटिलता दिखने लगी है। विगत कुछ वर्षों से रूस और भारत के संबंधों में अमेरिका का कारक हावी हो गया है। भारत के साथ रूस के संबंधों का नया आकलन कुछ नए उभरते समीकरणों से भी हो रहा है कि रूस की नजदीकियां चीन और पाकिस्तान से बढ़ रही हैं। यह स्थिति भारत के लिए काफी चिंताजनक है। इस चिंता की जो प्रमुख वजह है वह क्षेत्रीय शक्ति संतुलन, भारत की सुरक्षा चुनौतियां और भारत का करीब 60 प्रतिशत रक्षा उपकरणों के लिए रूस पर निर्भरता भी है। इस चिंता को बढ़ाने का काम किया है हाल के कुछ वर्षों में अमेरिका और रूस के बीच बढ़ते तनाव ने। इसका व्यापक असर भारत के साथ रूस के संबंधों पर पड़ रहा है और भविष्य में इसके और भी गहराने की आशंका है। वैसे देखा जाए तो भारत और रूस शीत युद्ध की समाप्ति के बाद से ही बेहद करीबी दोस्त के तौर पर अपने संबंधों को निर्धारित करते रहे हैं। अब तक कोई प्रत्यक्ष हितों के टकराव का मामला दोनों देशों के बीच नहीं उत्पन्न हुआ है। किंतु अमेरिका के साथ भारत के संबंधों के प्रगाढ़ होने के साथ कई बार रूस भारत से छिटकने की स्थिति में आता दिखा है। इसके समानांतर भारत भी रूस का चीन के साथ बढ़ती नजदीकियां नहीं देख सकता। इतने सारे जटिल द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों के बीच भारत के लिए सामरिक चुनौतियां काफी बढ़ गई हैं। रूस और यूक्रेन के बीच के ताजा विवाद के साथ इस नई विश्व व्यवस्था को लेकर कुछ भी भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। लेकिन इतना अवश्य है कि इस बात की पूरी संभावना है कि इस संघर्ष का परिणाम चाहे जो भी हो विश्व के सामने एक नई विश्व व्यवस्था जरूर उभरेगी। इस नई व्यवस्था का स्वरूप क्या होगा, इसका कितना विस्तार या व्यापकता होगी, इसे भी अभी कहना मुश्किल होगा। इसके साथ ही विश्व के धरुवीकरण का भी माहौल शुरू हो जाएगा जिसका असर संयुक्त राष्ट्र सरीखे वैश्विक संगठन पर भी पड़ेगा। विश्व व्यवस्था में बदलाव स्वाभाविक है। यह इतिहास के विभिन्न कालखंडों में होता रहा है, इस बार भी हो रहा है। लेकिन जो दो सबसे महत्वपूर्ण तथ्य हैं, वे रूस-यूक्रेन विवाद से ही नहीं उभरे हैं। वास्तविकता यह भी है कि करीब तीन वर्षों से विश्व कोरोना महामारी से जूझ रहा है। कोरोना का उद्गम चीन रहा है और चीन को लेकर विश्व समुदाय में इस आशंका को बल दिया जाता रहा है कि वह अपने व्यापारिक इरादों की सफलता के लिए किसी भी हथकंडे को अपना सकता है। येहां से विश्व के सामने एक नए दृष्टिकोण ने जन्म लिया जिसे विश्व में उत्पन्न विविध अव्यवस्था के साथ कोरोना महामारी से जूझने से लेकर टीकाकरण और वैक्सीन कूटनीति तक एक विशिष्ट समीकरण ने जन्म लिया है। इसकी परिधि में चीन, रूस, अमेरिका, पाकिस्तान, यूरोपिय देश और यूक्रेन तक शामिल रहे हैं। अब जो परिस्थिति उत्पन्न हो चुकी है उसमें ये सभी अब केंद्र में आ चुके हैं और यहीं से विश्व में बदलाव की व्यवस्था का सूत्रपात हो चुका है। इससे विश्व के सभी देश प्रभावित होंगे जिसमें केवल अर्थव्यवस्था ही नहीं, बल्कि सामरिक और सुरक्षा भी बड़े मुद्दे बनेंगे। बहरहाल हम स्थिति को बदल नहीं सकते, किंतु स्थिति की गंभीरता के अनुरूप अपनी रणनीति बना सकते हैं और उस पर रणनीतिक रूप से काम कर सकते हैं।

# सीजफायर के बिना विद्यार्थियों को निकालना मुश्किल सुरक्षित गलियारा देने का वादा कर चुप हुए रूस व यूक्रेन

अच्छी खबर यह है कि युद्धग्रस्त यूक्रेन से अभी तक 20 हजार भारतीयों को बाहर निकाला जा चुका है लेकिन बुरी खबर यह है कि तीन शहरों (पेसोचिन, खार्कीव और सुमी) में अभी भी एक हजार के करीब भारतीय छात्र फंसे हुए हैं। इन छात्रों को निकालने में आ रही दिक्कतों को देखते हुए भारत ने एक बार फिर रूस और यूक्रेन से अपील की है कि इन छात्रों को निकालने के लिए सीजफायर करें क्योंकि इसके बिना उन्हें सुरक्षित निकालना मुश्किल है। इसी बीच कीव में गोलीबारी में घायल छात्र हरजोत सह तक भारतीय दूतावास की पहुंच शाम खबर लिखे जाने तक नहीं हो पाई थी। हालांकि सरकार की तरफ से कीव अस्पताल में उनके इलाज का सारा खर्च उठाने की बात कही गई है। शुक्रवार को यह बात भी साफ हो गई कि रूस और यूक्रेन आपसी दुश्मनी में भारतीय छात्रों को मोहरा बना रहे हैं। भारत ने परोक्ष तौर पर



इस पर अपना क्षोभ भी जताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि एक दिन पहले हमने रूस और यूक्रेन की तरफ से भारतीय छात्रों को निकालने को लेकर सुरक्षित गलियारा बनाने की बात सुनी थी लेकिन उसके बाद इस बारे में कोई बात नहीं हुई है। हम यह भी सुन रहे हैं कि रूसी पक्ष की तरफ से 130 बसें तैयार की गई हैं लेकिन ये बसें जहां भारतीय छात्र हैं उससे कम से कम 50-60 किलोमीटर दूर हैं। पैदल जाना मुश्किल है और वहां से गुजरने में खतरा है जो हम नहीं चाहते कि भारतीय छात्र वो खतरा उठाएं। बागची ने तल्खी भरे स्वर में कहा कि, बसें तैयार करना काफी आसान है लेकिन अलग-अलग जगहों में शरण लिए छात्रों को वहां ले जाना बहुत ही कठिन है। यह तभी संभव है जब दोनों पक्षों की तरफ से युद्धविराम की घोषणा हो।दरअसल, भारत को यह बात नागवार गुजर रही है कि किस तरह से उसके नागरिकों को लेकर रूस व यूक्रेन की तरफ से बयानबाजी हो रही है। खास तौर पर जिस तरह से गुरुवार को भारत की तरफ से इन्कार किए जाने के बावजूद जिस तरह से रूस की तरफ से यह मुद्दा उठाया गया है कि यूक्रेन के सैनिकों ने हजारों भारतीयों को अगवा कर रखा है और उन्हें बाहर नहीं जाने दे रहे हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी से टेलीफोन वार्ता के बाद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कार्यालय और रूस के रक्षा मंत्रालय की तरफ से कहा गया था कि यूक्रेन में भारतीय छात्रों को ह्यूमन शील्ड बनाया जा रहा है। भारत की आपत्ति के बाद एक दिन पहले दोनों पक्षों ने कहा कि वो इन छात्रों को सुरक्षित निकालने को लेकर एक गलियारा बनाएंगे लेकिन अब भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस तरह की किसी सूचना मिलने से इन्कार किया है। इन हालात के बीच यूक्रेन के सुमी शहर से जो खबरें आ रही हैं वो कापी चता पैदा करने वाली हैं। सुमी शहर का संपर्क पूरी तरह से दूसरे शहर से टूटा हुआ है। कुछ छात्रों की तरफ से शुक्रवार को दिन भर यह संदेश भेजा गया कि उन्हें किसी भी तरह से वहां से निकाला जाए। यही स्थिति खार्कीव में फंसे छात्रों की भी है। विदेश मंत्रालय का अनुमान है कि सुमी में 900 और खार्कीव में 300 छात्र फंसे हो सकते हैं। भारी हमलों में इन शहरों की बिजली, पानी व दूसरी व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। इन शहरों के निवासी भी पलायन कर गए हैं। खार्कीव से निकल कर पेसोचिन पहुंचे भारतीय छात्रों को निकालने का काम जारी है। बागची ने बताया कि तीन मार्च को देर रात दो बसों से कुछ छात्रों को मालदोवा बार्डर पहुंचाया गया है जबकि चार मार्च को तीन बसें वहां से निकली हैं और देर रात दो और बसों की व्यवस्था कराई जा रही है। खार्कीव में भी तीन सौ छात्र हैं जिनको निकालने में परेशानी हो रही है। हम पेसोचिन में छात्रों के लिए जो करने में सफल रहे हैं वो सुमी में नहीं कर पा रहे।' विदेश मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि सुमी व खार्कीव जैसे शहरों में ना तो ड्राइवर मिल रहे है और ना ही बसें चलाने के लिए जरूरी पेट्रोल।

# विकास, कल्याण और खुशहाली की नई पहचान है योगी आदित्यनाथ का आर्थिक विकास माडल

अर्थव्यवस्था में विकास अथवा ग्रोथ एक बहुत महत्वपूर्ण फैक्टर होता है। लेकिन वैश्वीकरण और मुक्त अर्थव्यवस्था का एक दशक बीतने के बाद ही विश्व बैंक के अर्थशास्त्रियों ने कहना शुरू कर दिया था कि विकास केवल तीव्र ही नहीं, समावेशी भी होना चाहिए। इसका सीधा सा मतलब था कि विकास केवल ऊपर से नहीं, बल्कि नीचे से भी होना चाहिए। विश्व बैंक ने इसकी तरफ ध्यान आकर्षित तो किया था, लेकिन देश के अंदर इसके लिए कार्य संस्कृति विकसित करना सरकारों की संवेदनशीलता पर निर्भर करता था। क्या ऐसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जैम ट्रिनिटी के लागू होने से पहले हो पाया था? स्पष्टतः नहीं। क्या 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में अर्थव्यवस्था के ऐसे माडल का विकास हो पाया था जिसमें सुरक्षा, शिक्षा, स्वावलंबन, विकास, रोजगार और खुशहाली, एक साथ सुनिश्चित हुए हों। बिना किसी संशय के नहीं, क्योंकि इससे पहले नेतृत्व के विजन में वे विशेषताएं प्रभावी थीं जिनका सरोकार मध्यकाल के नकारात्मक प्रत्ययों से अधिक था, इसलिए उस दौर में लोककल्याण या ईज आफ लिविंग जैसी व्यवस्था की कल्पना भी मुश्किल थी। मार्च 2017 के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को सुरक्षा और तीव्र व समावेशी विकास के साथ-साथ हैपीनेस व ईज आफ लिविंग जैसी विशेषताओं के साथ आगे ले जाने की रणनीति बनाई। इसी का परिणाम है कि प्रदेश की छवि बदली है और लोगों में नया आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने दशकों से चले आ रहे ट्रिकल डाउन थ्योरी में आए रिसावों को रोक कर अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया। यदि ऐसा पहले हो गया होता तो इतनी चौड़ी सामाजिक-आर्थिक खाई निर्मित नहीं हुई होती। दरअसल अमेरिका-यूरोप की अर्थव्यवस्था में जब रीगनो-थैचरामिक्स का दौर आया तो ट्रिकल डाउन थ्योरी गढ़ी गई। इसमें इस मान्यता को सुस्थापित किया गया कि यदि अमीरों को और अमीर बना दिया जाए तो फिर अमीरी रिस-रिस कर बाटम आफ पिरामिड यानी गरीबों तक स्वयं ही पहुंच जाएगी। लेकिन ऐसा हुआ नहीं, बल्कि अमीर और अमीर होते गए तथा गरीब और गरीब। इसे आगे बढ़ाने के लिए तीन आयाम और गढ़े गए- उदारवाद, निजीकरण और वैश्वीकरण। विकास का यह माडल सभी की खुशहाली का असली माडल नहीं, बल्कि बाजारों की रौनक और अमीरों की बढ़ती आय के साथ तरल अर्थव्यवस्था के बढ़ते हुए आयतन यानी ग्रोथ का माडल था। इसमें कोई संशय नहीं कि ग्रोथ बढ़ी, लेकिन विकास की वह भावना नेपथ्य में चली गई जिसमें क्वालिटेटिव इंडेक्स की अहम भूमिका थी। इसने इतनी गहरी सामाजिक खाइयों का निर्माण कर दिया कि दुनिया के विकसित देश नए किस्म के विभाजनों की ओर चल पड़े जिसके प्रभाव वहां अभी तक दिख रहे हैं और शायद आगे तक दिखेंगे। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार जैम ट्रिनिटी (जनधन, आधार, मोबाइल) के माध्यम रिसाव वाले रास्तों को बंद किया और सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थी



तक पहुंचा। कृषि उत्पादन : पिछले पांच वर्षों में कृषि उत्पादन बढ़ाने की दिशा में व्यापक कार्य हुआ। धान, गेहूं, दलहन और तिलहन के उत्पादन को उदाहरण के रूप में देखा जा सकता है। किसान को उसके उत्पादन का उचित मूल्य मिले, इसके लिए सरकार ने बिचौलिया वर्ग को खारिज कर किसानों से एमएसपी पर सीधे खरीद की, जो पिछली सरकार के मुकाबले ढाई गुना से अधिक है। किसानों की कृषि पर लागतें (इनपुट कास्ट) कम हों, इसके लिए जरूरी है कि बीज, खाद, पानी और बिजली पर व्यय कम हो। नीम कोटेड यूरिया ने इस दिशा में निर्णायक भूमिका निभाई। यहां कुछ और महत्वपूर्ण तथ्य अहम हैं जिन्हें प्रायः लागत मूल्यों का निर्धारण करते समय छोड़ दिया जाता है। पहला है बाढ़। उत्तर प्रदेश में पिछली सरकारों के दौरान प्रतिवर्ष बाढ़ आती थी जिससे ग्रामीण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर धन और संसाधनों की हानि होती थी। इससे ग्रामीण क्षेत्र में विकास का चक्र (साइकिल आफ डेवलपमेंट) टूट जाता था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दिशा में निर्णायक कदम उठाए और बाढ़ रोकने का स्थायी प्रबंध किया। नदियों की ड्रेजिंग कराकर नदी की धारा को चैनलाइज किया, जिससे बाढ़ की आशंका कम हो गई। दूसरा- कैबिनेट में प्रस्ताव लाकर अप्रैल में जारी होने वाले बजट को जनवरी में ही जारी कराया, ताकि अप्रैल-मई तक बाढ़ रोकने की व्यवस्था पुख्ता हो जाए। उत्तर प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि बाढ़ संबंधी कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया, जो स्थायी बाढ़ प्रबंधन का प्रमाण है। इससे ग्रामीण आर्थिक विकास का चक्र टूटने से बच गया। दशकों बाद पहली बार अंतिम छोर तक सिल्ट हटाई गई जिससे पानी की खेतों तक पहुंच सुनिश्चित हुई। दशकों से लंबित करीब डेढ़ दर्जन सिंचाई परियोजनाओं को पूरा कर 22 लाख हेक्टेयर से भी अधिक सिंचन क्षमता का सृजन किया गया। अकेले सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना से करीब 10 जनपदों में 14 लाख हेक्टेयर की अतिरिक्त सिंचाई क्षमता सृजित हुई जिससे 30 लाख किसान लाभान्वित हुए। इस प्रकार से किसानों को जो निःशुल्क सिंचाई सुविधा मिली उससे उत्पादन लागत (इनपुट कास्ट) में कितनी कमी आई इसका अर्थशास्त्र उनके पननें से भी गायब है जो अपने आपको 'नीचे से अर्थशास्त्रऽ (इकोनमिक्स फ्राम बिलो) का अगुआ और पैरोकार बताते हैं। कृषि सिंचाई के लिए बिजली आधे मूल्यों पर दी गई। 'एक जनपद एक उत्पादऽ कार्यक्रम ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में परंपरागत उत्पादों और बाजार के संयोजन से नई स्फूर्ति दी। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था में ऐसे अनेक सुधार किए गए जिन्होंने राज्य की जनता की भलाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# जिलाधिकारी ने डीआईओएस व बीएसए से मांगा तत्काल जवाब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** जिले के एकमात्र नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2021 में कक्षा छह में 90 प्रतिशत सीटों पर अपात्रों का चयन होने के मामले में डीएम सुहास एलवाई ने शनिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजकर त्वरित जवाब मांगा है। उन्होंने सप्ताह भर में जांच कर रिपोर्ट सौंपने व किसी भी तरह की कोताही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। उधर, पत्र प्राप्त होने के बाद दोनों अफसरों ने अपने-अपने स्तर से जांच भी शुरू कर दी है। दादरी के धूम मानिकपुर गांव स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में अगस्त 2021 शैक्षणिक सत्र में कक्षा छह की 80 सीटों पर नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया हुई थी जिसमें 72 विद्याथिर्यों की दाखिला प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा मिला है। इन सीटों पर गौतमबुद्ध नगर के 9 से 13वर्ष के विद्याथिर्यों का एडमिशन किया जाना था, लेकिन कक्षा में 18 वर्ष तक के बच्चों ने पांचवीं के फर्जी सर्टिफिकेट लगाकर दाखिला ले लिया। पूरा खेल पकड़ में आने के बाद विद्याथिर्यों के दाखिले निरस्त कर दिए गए हैं। वहीं, इन 72 बच्चों के फर्जी कागज तैयार करने के मामले में 15 स्कूलों के नाम भी सामने आए है, जिन्होंने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया है। टीम को इन स्कूलों के पास बच्चों की हाजिरी रजिस्टर, फीस की रसीद समेत विभिनन्न जानकारी नहीं मिली है। वहीं, फर्जी दस्तावेज देने वाले विद्यार्थी बिहार, बलिया समेत विभिनन्न राज्यों व जिले के रहने वाले हैं। जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने दोषी स्कूलों के खिलाफ जांच व कार्रवाई करने की जिम्मेदारी डीआईओएस डॉ. धर्मवीर सिंह व बीएसए धर्मेंद्र सक्सेना को दी थी। शनिवार को दोनों अधिकारियों को पत्र भेजकर त्वरित जवाब की पेशकश भी की गई है। डीएम ने दोनों अधिकारियों को सप्ताहभर में जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए हैं। मामले में डीआईओएस व बीएसए का कहना है कि उन्होंने जांच शुरू कर दी है। जल्द ही अपनी-अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंप देंगे।

# राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान ने आयोजित की कार्यशाला

## जम्मू कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड के पहाड़ी उत्पादों पर उमड़े खरीददार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** सेक्टर 33ए नोएडा हॉट में आयोजित सरस मेले पर केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय पूरी तरह ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। मेले में कहीं कोई चूक न हो इसके लिए राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज्य संस्थान (एनआईआरडीपीआर)



के शोध अधिकारियों ने एक कार्यशाला का आयोजन किया। आयोजन में सभी राज्यों के 82 स्वयं सहायता समूहों ने प्रतिभाग किया, जिन्हें पैकेजिंग तथा डिजाइनिंग के विषय में जानकारी दी गई। नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फैशन डिजाइनिंग की प्रोफेसर रितिका अग्रवाल ने सभी को बताया कि अपने ग्रामीण उत्पादों की किस प्रकार मौसम के हिसाब से पैकेजिंग तथा डिजाइनिंग की जाए, इस अवसर पर (एनआईआरडीपीआर) के सहायक निदेशक चिरंजी लाल कटारिया, शोध अधिकारी धर्मेंद्र सिंह, सुधीर कुमार सिंह तथा रामगोपाल उपस्थित रहे। मेले के आठवें दिन देश के पहाड़ी उत्पादों की लोगों ने जमकर खरीदारी की। जम्मू कश्मीर कोलगांव के देवसर से यहां मुनाजा मजीद ने पंपोष स्वयं सहायता समूह का स्टॉल लगाया है। इनके उत्पादों में कश्मीरी साड़ी तथा सूट महिलाओं को खूब भा रहे हैं। वही कोंगपाश स्वयं सहायता समूह की शबनम रसीद के उत्पादों में आरी साल, निरल शॉल,कश्मीरी सूट तथा आरी के लॉन्ग जैकेट शामिल हैं। उधर रजौरी की शाइन के गौसिया स्वयं सहायता समूह के उत्पादों में शॉल, सूट तथा कुशन शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश के शिव पार्वती स्वयं सहायता समूह के उत्पादों में हस्त निर्मित सेपू बड़िया, चावल का आटा, देसी हल्दी तथा पौष्टिक हलवा बनाने के लिए गेहूं का शीरा लोगों को खासा पसंद आ रहा है। समूह का संचालन निशा शर्मा करती हैं। हिमाचल में ही हमीरपुर के नदोन गांव के रीना चंदेल द्वारा संचालित न्यू आजीविका स्वयं सहायता समूह के उत्पादों में कच्चे पपीते के पेड़े, आंवला बर्फी, कद्दू की बर्फी, आंवला कैंडी, अचार तथा चटनी शामिल है। शिमला की आशु जय देवता जबल नारायण स्वयं सहायता समूह का संचालन करती हैं। इनके उत्पादों में एप्पल जूस, जैम, मुरब्बा, कैंडी, ड्राई एप्पल, शुगर फ्री लाल चावल तथा दाल लोगों की पसंद बन रही है। भूमंतर कुल्लू की तारा देवी ने बताया कि उनके किरण सहायता समूह के उत्पादों में राजमा, दाल तथा फरूट अचार की जमकर बिक्री हो रही है। जोटलू शिमला कि मंजू ठाकुर ने बताया कि वह शिवशक्ति स्वयं सहायता समूह का संचालन करती है। समूह के उत्पादों में गठिया लहसुन सर्वाधिक बिक रहा है। क्योंकि यह दवा का काम करता है। अन्य उत्पादों में दाल, यैलो राजमा, अनारदाना पहाड़ी गाय का घी तथा पानी की चक्की का पिसा मक्के का आटा शामिल है। कुल्लू की उषा शर्मा का पंचवीर सहायता समूह है, उनके उत्पादों में हिमाचली शॉल, जैकेट, स्वेटर तथा कैप शामिल है। उत्तराखंड में लोहाघाट के प्रगति महिला ग्राम संगठन के उत्पादों में लोहे की कढ़ाई, फ्राईपेन, तवा एवं कृषि यंत्र शामिल हैं। देहरादून की कुसुम बाला अकेले ही गणेश स्वयं सहायता समूह चलाती हैं। इनके उत्पादों में जैविक खाद द्वारा निर्मित शुद्ध पहाड़ी दालें एवं मसाले लोगों को भा रहे हैं। पौड़ी गढ़वाल के न कोट का राइजिंग स्वयं सहायता समूह हर्बल चाय, पंच तुलसी तथा डिफरेंट फ्लेवर साल्ट का निर्माण करता है। समूह का संचालन रोशनी देवी करती हैं। इनके उत्पादों में चाय की बिक्री जोरों पर है। उधर दौहनिया नैनीताल की दमयंती बिष्ट ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह का संचालन करती है। इनके उत्पादों में गोबर के खाद की पहाड़ी अदरक लोगों को सर्वाधिक पसंद आ रही है। जबकि अन्य उत्पादों में दाल, चावल, हाथ के कुटे मसाले, कच्ची हल्दी तथा रागी आटा शामिल है। सहसपुर देहरादून के जागृति स्वयं सहायता समूह के उत्पादों में पहाड़ी दाल, मसाले, बेसन, पहाड़ी नमक, मक्का का आटा तथा चावल के आटे के पापड़ लोगों की पसंद बन रहे हैं।

# दिल्ली से बिहार जाने वाले जरूर पढ़ें उत्तर रेलवे का ये अनाउंसमेंट कंफर्म मिलेगा ट्रेन का टिकट

**नई दिल्ली।** हिंदुओं के प्रमुख में त्योहारों में शुमार होली हर भारतीय अपने परिवार के साथ मनाने की इच्छा रखता है। उसकी कोशिश होती है कि काम और पढ़ाई के सिलसिले में वह देश के किसी कोने में क्यों न हो,




लेकिन होली वह परिवार के सदस्यों के बीच ही मनाए। लोगों की यह इच्छा पूरी हो, इसके लिए भारतीय रेलवे हर साल कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन भी करता है। इस कड़ी में इस बार भी आगामी 18 मार्च को पड़ने वाले होली त्योहार को देखते हुए उत्तर रेलवे दिल्ली-एनसीआर से बिहार समेत अन्य राज्यों में जाने वालों प्रवासियों के लिए अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का फैसला किया है उत्तर रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली से बिहार और जम्मू कश्मीर जाने वाले यात्रियों के लिए डेढ़ दर्जन ट्रेनों का परिचालन करने का ऐलान किया है। इन 18 ट्रेनों के चलने से उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, हरियाणा समेत दर्जनभर शहरों के लोगों को फायदा मिलेगा। उत्तर रेलवे से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, कुल 9 जोड़ी यानी 18 होली विशेष ट्रेनें का परिचालन होगा। इनमें से 12 टेनें का परिचालन देश की राजधानी दिल्ली से किया जाएगा। होली त्योहार के मद्देनजर दिल्ली-एनसीआर के लोगों ने काफी पहले से ही ट्रेनों में रिजर्वेशन करवा लिया है। ऐसे नवंबर महीने ही से बिहार, यूपी, पश्चिमी बंगाल और झारखंड जाने वाली ट्रेनों में टिकट नहीं मिल रहा है। उत्तर रेलवे द्वारा विशेष होली ट्रेनों के परिचालन से प्रतीक्षा सूची वाले अथवा अबतक आरक्षण नहीं कराने वाले यूपी, बिहार के लोगों को यात्रा करने में आसानी होगी। उत्तर रेलवे के मुताबिक, ट्रेनों के ऐलान के साथ ही इनमें रिजर्वेशन शुरू हो चुका है। बड़ी संख्या में लोगों ट्रेनों में रिजर्वेशन नहीं मिला है, ऐसे में लोग इन ट्रेनों का टिकट ले रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी दिल्ली-एनसीआर में रहते हैं और इन ट्रेनों के जरिये जाकर अपने घर पर होली मनाना चाहते हैं तो देर न करें, तत्काल रिजर्वेशन कराएं। 1. 04052 आनंद विहार टर्मिनल-वाराणसी-आनंद विहार टर्मिनल आरक्षित होली स्पेशल 04052 आनंद विहार टर्मिनल वाराणसी आरक्षित होली आगामी 11 मार्च से चलेगी और 20 मार्च तक इसका परिचालन जारी रहेगा। सप्ताह में दो दिन चलने वाली यह ट्रेन शुक्रवार और रविवार को आनंद विहार टर्मिनल से रात को 11.00 बजे रफ्तार भरेगी और फिर अगले दिन यानी शनिवार को शाम 4 बजकर 10 बजे वाराणसी पहुंची। 2. 04051 वाराणसी-आनंद विहार टर्मिनल आरक्षित होली स्पेशल ट्रेनः 12 मार्च से 21 मार्च तक चलेगी। 12 मार्च से यह ट्रेन शनिवार और सोमवार को वाराणसी से शाम 6 बजकर 30 मिनट पर रवाना होगी और फिर अगले दिन दोपहर 1 बजकर 20 मिटन पर आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी।

# 12 मार्च राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु पैनल अधिवक्ताओं के साथ की गई बैठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु जनपद न्यायाधीश के दिशा-निर्देशन में तथा जयहिंद कुमार सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में आज 4 मार्च को सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विश्राम कक्ष में पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया बैठक में उपस्थित विद्ववान अधिवक्तागण से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराने हेतु अपील की गयी। साथ ही अपने अपने क्षेत्रों में ग्रामीणजन को राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने हेतु भी अपील की गयी। उक्त बैठक में जयहिंद कुमार सिंह, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ पैनल अधिवक्ता श्रीमती नीलम चन्द, यशेन्द्र सिंह चैहान, दीपा जैन, राजेश भाटी उपस्थित हुये।

# नोएडा सेक्टर 63 में एलईडी बल्ब बनाने वाली कंपनी में फटा अवन, 2 कर्मचारी झुलसे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्रान्तर्गत फाइन टेकनेलॉजी प्रा0लि0 में लगे ऑवन (बल्ब सुखाने की मशीन) की छत फट जाने के कारण कंपनी के 2 कर्मचारी घायल हो गये जिनको अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। कोई जनहानि नहीं हुई । थाना सेक्टर-63 पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# महिला उन्नति संस्था का महिला जागरूकता सप्ताह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला उनन्ति संस्था द्वारा चलाये जा रहे ङ्खमहिला जागरूकता सप्ताहङ्ग के तीसरे दिन आज ग्रेटर नोएडा वेस्ट के महिला महावारी के दौरान सेनेटरी पैड्स का इस्तेमाल करना चाहिए साथ ही इस दौरान साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को उत्तम पोषण लेते हुए समय समय पर जच्चा बच्चा की जांच कराते रहना चाहिए।तथा महिलाओं को स्वास्थ्य



उधमी पार्क अंतर्गत झुग्गी झोपड़ियों में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में आई महिलाओं की जांच करते हुए स्त्री रोग विशेषज्ञ डा सोनिया ने महिलाओं को होने वाली मुख्यतः यौन जनित बीमारियों के प्रति सावधान किया और कहा कि महिलाओं को की दृष्टि से बच्चों में कम से कम 5 साल का अंतराल रखना चाहिए। शिविर में जांच कराने आयी महिलाओं को सेनेटरी पैड्स वितरित किये गए ।शिविर में संस्थापक डा राहुल वर्मा, डा कपिल भाटी, डा ओमवीर बघेल, डा पूनम, डा शिल्पी, कामना, विजय तंवर और शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# बेखौफ लुटेरों ने दिनदहाड़े बैंक मित्र को मारी गोली आशीष त्रिवेदी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सीतापुर ।** के थाना रामपुर कला में बाइक सवार लुटेरों ने इंडियन बैंक के बीसी संचालक अरुण कुमार पुत्र महेश को मारी गोली मिली जानकारी के अनुसार बैंक मित्र अरुण से बाइक सवार लुटेरों ने बैग छीनने की कोशिश की जब बैंक मित्र ने विरोध किया मौके पर उसे गोली मार दी और बैग छीन लिया नाजुक हालत में बैंक मित्र को बिसवां सीएससी में किया गया भर्ती कुछ समय पश्चात डॉक्टरों ने लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए किया रेफर इलाके में इस घटना से हड़कंप मचा हुआ है।



# खंभे लगाकर चिह्नित होगी पांच प्रदेशों से लगती हरियाणा की सीमा

**चंडीगढ़।** पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश व राजस्थान से लगती हरियाणा की सीमा पर खंभे लगाकर सीमांकन किया जाएगा। विधानसभा के बजट सत्र में यह जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि पानीपत में सीमांकन के लिए खंबे लगाने का काम शुरू हो चुका है। सीमांकन का काम सर्वे आफ इंडिया की ग्लोबल पोजिसनग सिस्टम (जीपीएस) रिपोर्ट के आधार पर किया जाएगा। दुष्यंत ने यह जानकारी समालखा से कांग्रेस विधायक धर्म सिह छौक्कर के सवाल के जवाब में दी। छौक्कर ने बताया कि हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच यमुना नदी के बहाव के कारण अनेक भू-विवाद लंबित हैं। ये विवाद यमुनानगर से लेकर पानीपत, सोनीपत, फरीदाबाद और पलवल तक हैं।

# आप गांजा पीना चाहते हैं क्या राजद एमएलसी से सभापति ने पूछा शराब के मुद्दे पर उठाए थे सवाल

**पटना।** बिहार विधान परिषद की कार्रवाई के दौरान माहौल में हर तरह का रंग दिखा। कभी माहौल गर्म हुआ



तो कभी हास-परिहास भी हुआ। इस क्रम में राजद विधान पार्षद डा. सुनील कुमार सिंह ने शराबबंदी के मुद्दे पर तंज कसा। कहा कि क्या बिहार में केवल शराब पीने पर रोक है, गांजा, अफीम, भांग, ड्रग्स आदि की छूट है। केवल शराब के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। सभापति ने सवालिया लहजे में कहा, कि माननीय सदस्य आप गांजा पीना चाहते हैं क्या।राजद विधान पार्षद ने कहा कि वे विधान परिषद से बिस्कोमान तक भी जाते हैं तो बिजली के हर पोल पर मद्यपान के बारे में प्रचार-प्रसार किया गया है। ऐसे में जानना चाहते हैं कि गांजा पीया जा सकता है कि नहीं, अफीम खाया जा सकता है कि नहीं, भांग और ड्रग्स का सेवन किया जा सकता है कि नहीं। तो फिर सरकार इन सबके लिए कोई प्रचार-प्रसार क्यों नहीं कर रही है। सभापति ने कहा कि बात नशामुक्ति की है। नशामुक्ति में सबकुछ आता है। फिर उन्होंने पूछा कि आप गांजा पीना चाहते हैं। इसपर विधान पार्षद ने कहा, वही तो जानना चाहते हैं। केवल शराब के बारे में जागरूकता की बात की जाती है। में क्यों नहीं बात की जाती। भागलपुर जिले के ततारपुर में हुए धमाके की जांच का मामला विधान परिषद में शुक्रवार को शून्यकाल के दौरान प्रमोद चंद्रवंशी ने उठाया। उन्होंने पूरे मामले की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। कहा कि गुरुवार देर रात हुए धमाके में कई लोगों की मौत हो चुकी है और कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं।चंद्रवंशी ने धमाकों पर अपनी चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार तत्काल प्रभाव दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि सरकार को कड़ा रूख अख्तियार करते हुए स्पष्ट संदेश देना चाहिए। अभियान चलाकर अवैध रूप से बारूद की खेप घरों में रखने वालों को चिह्नित करना चाहिए। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं भविष्य में नहीं घटे।

# खान सर के पढ़ाने के अंदाज पर फिदा हुई 'मस्त-मस्त' गर्ल रवीना टंडन, वीडियो ट्वीट कर लिखा 'गुरु'

**पटना।** छात्रों के बीच पटना के खान सर का नाम काफी प्रचलित है। आसान भाषा में कठिन से कठिन टापिक को समझा देने के लिए खान सर जाने जाते हैं। पढ़ाई के दौरान उनकी बिहारी टोन भी खूब सुनने को मिलती है। खान सर के प्रशंसकों में एक नया नाम जुड़ गया है। बालीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन को भी खान सर के पढ़ाने का अंदाज पसंद आया। खान सर के पढ़ाने के दौरान राष्ट्रगान के बोल से भारत के नक्शे के प्रदर्शित करने के वीडियो को मस्त-मस्त गर्ल रवीना ने ट्वीट किया है। माइक्रो ब्लागिंग साइट पर रवीना ने वीडिया के साथ क्षउ्ल्ल् लिखा है। बड़ी संख्या में यूजर वीडियो पर कमेंट भी कर रहे हैं। खान सर यू-ट्यूब पर छात्रों को आनलाइन पढ़ाते हैं। इसके साथ ही पटना में उनकी कोचिंग भी है। पढ़ाई के दौरान अपने रोचक अंदाज के



कारण खान सर के बड़ी संख्या में प्रशंसक हैं। रवीना टंडन ने उनका जो वीडियो ट्वीट किया है उसमें खान सर नक्शे पर नदियों और भारत की भौगोलिक सीमा की चर्चा करते दिख रहे हैं। खान सर बता रहे हैं कि राष्ट्रगान के बोल में भारत की भौगोलिक चर्चा है। खान सर का यह वायरल वीडियो काफी पुराना है। रवीना के ट्वीट के बाद बड़ी संख्या में यूजर कमेंट भी कर रहे हैं। रामजीत नाम के एक यूजर ने लिखा, बिहार नहीं पूरे हिन्दुस्तान में कोई टीचर खान सर के टक्कर में नहीं है। विशाल ने लिखा, खान सर के बिना तो कुच्छो न बुझाता है। गौरतलब है कि हाल ही में रेलवे एनटीपीसी परीक्षा को लेकर खान सर चर्चा में आए गए थे। बिहार में छात्रों के आंदोलन को लेकर खान सर पर आरोप लगे थे। मामले में पटना के थाने में उनपर एफआइआर भी दर्ज की गई थी।

# अगले सप्ताह हो सकता है दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश और पंजाब समेत 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव का परिणाम आगामी 10 मार्च को घोषित हो जाएगा। इसके साथ यहां पर सरकार बनने की प्रक्रिया भी शुरू जाएगी, लेकिन इसके कुछ दिन बाद ही देशभर के लोगों की नजर दिल्ली पर टिकने वाली है, क्योंकि अप्रैल महीने में दिल्ली नगर निगम चुनाव 2022 होना है। ऐसे में माना जा रहा है कि दिल्ली निर्वाचन आयोग सभी राजनीतिक दलों से सलाह मशविरा करने के बाद अगले सप्ताह चुनाव के मद्देनजर अधिसूचना जारी कर सकता है। बता दें कि कहीं भी चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा अधिसूचना जारी की जाती है। इसके बाद शहर में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो जाती है। जो चुनाव आयोग के अगले




आदेश तक जारी रहती है। अधिसूचना जारी होते ही मतदाताओं को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने वाले फैसला पर तत्काल रोक लग जाती है। पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान अगर कोई सरकारी अधिकारी या पुलिस अधिकारी किसी राजनीतिक दल का पक्ष लेता है तो चुनाव आयोग को उसके खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार है। बता दें कि चुनाव आयोग का नोटिफिकेशन जारी होने की तारीख से आदर्श आचार संहिता को लागू माना जाता है।वहीं, कहा जा रहा है कि दिल्ली के तीनों नगर निगमों (उत्तरी दिल्ली नगर निगम, पूर्वी दिल्ली नगर निगम और दक्षिण दिल्ली नगर निगम) के 272 वार्ड पर चुनाव को लेकर राज्य चुनाव आयोग जल्द ही एक और बैठक राजनीतिक दलों के साथ कर सकता है।

# राशिफल

**मेष-**:आत्मविश्वास के साथ नए व्यावसायिक कार्यों को पूर्ण करेंगे व पारिवारिक विवादों का हल करेंगे। कठिन परिस्थितियों व द्वंद्व में फंसने पर अंतर्मन में ज्ञान की ज्योति प्रज्वलित होगी.

**वृष-**:तनावपूर्ण परिस्थितियों में समझौते व शांति का मार्ग निकलेगा। घर व कार्यस्थल पर स्नेह व सौहार्द रहेगा। व्यावसायिक साझेदारी मजबूत होगी। साझेदारी मजबूत होगी।

**मिथुन-**:परिस्थितियों से पराजित व मानसिक तनाव महसूस करेंगे। निजी व व्यावसायिक जीवन में विकल्पों के मध्य दिल व दिमाग विपरीत दिशा में खींचेंगे।

**कर्क-**:घर व आफिस की सामान्य दिनचर्या बोझिल प्रतीत होंगे। उसमें परिवर्तन लाने का प्रयास करेंगे। किसी भी प्रकार की क्षति या असफलता को लेकर व्यथित न हों।

**सिंह-**:घर व कार्यस्थल पर चीजें सुचारू गति से आगे बढ़ेंगी। आपके गरिमामय व्यक्तित्व को प्रशंसा मिलेगी। एक वयोवृद्ध व्यक्ति अविश्वसनीय साबित हो सकता है

**कन्या-**: जीवन में सकारात्मक परिवर्तन होंगे। निजी संबंधों में सहयोग व सौहार्द रहेगा, किंतु व्यापार में लाभ-हानि का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला-**:मुखौटों व बचाव के प्रयासों को ठुकराते हुए कठोरता से सत्य को इंगित करेंगे। आत्मविश्वास से परिपूर्ण व वैचारिक रूप से स्पष्ट रहेंगे।

**वृश्चिक-**: व्यावसायिक मामलों में आत्मविश्वास के साथ लिए गए निणय्र लाभप्रद साबित होंगे। निजी संबंधों में स्वतंत्रता को महत्व देंगे। व्यावसायिक जीवन में रचनात्मकता व मौलिकता का प्रदर्शन करेंगे।

**धनु-**:यथार्थवादी व व्यावहारिक रहते हुए एक समय पर एक कदम बढ़ाएंगे। भावनात्मक जुड़ाव निरर्थक व तकलीफदेह साबित होगा।

**मकर-**:कठिन परिश्रम से व्यावसयिक कार्य पूर्ण होंगे। वित्तीय मामले हल होंगे व तनाव से मुक्ति मिलेगी। कार्यस्थल पर चतुर प्रयासों से नकारात्मक तत्व सामने आएंगे।

**कुंभ-**:निजी जीवन में आनंद रहेगा। साथी संग प्रेम के पल साझा करेंगे। व्यावसायिक जीवन में मुखर व निष्ठावान रहते हुए प्रशंसा अर्जित करेंगे।

**मीन-**:निजी संबंधों में प्रेम व सौहार्द रहेगा। सामाजिक जीवन व्यस्त व थकानभरा रहेगा। व्यावसायिक जीवन में चीजें सुचारू गति से आगे बढ़ेंगी। आवभगत के दौरान अपव्यय से बचें।

# साजिश के तहत बदला गया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का सभा स्थल

**सोनभद्र ।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पांच मार्च को राबट्र्सगंज, घोरावल व दुद्धी विधानसभा के म्योरपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। वे कांग्रेस के प्रत्याशियों के समर्थन में सभा कर उन्हें समर्थन देने की अपील जनता से करेंगे। यह जानकारी छत्तीसगढ़ के खाद्य, रसद मंत्री अमरजीत भगत ने शुक्रवार को राबट्र्सगंज के एक होटल में पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने कहा कि राबट्र्सगंज के हाइडिल मैदान में भूपेश बघेल की सभा के लिए प्रशासन से अनुमति मांगी गई थी। इसके लिए निर्धारित शुल्क भी जमा कर दिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने साजिश के तहत हाइडिल मैदान पर सभा की अनुमति नहीं दी। उन्होंने बताया कि अब मुख्यमंत्री का कार्यक्रम राबट्र्सगंज के रामलीला मैदान में होगा।



# 48 घंटे पहले जनपद को खाली करें दल से जुड़े लोग

**चुर्क (सोनभद्र) ।** जेपी इंडस्ट्रियल कांप्लेक्स के परिसर में शुक्रवार को 51वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों व संविदा श्रमिकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई। कारखाने में कार्यरत संविदाकर्मी, कर्मचारियों व श्रमिकों में सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कंपनी के यूनिट हेड पीके सिंहानिया, वरिष्ठ महाप्रबंधक सुधीर मिश्रा के मार्गदर्शन में कंपनी में कार्यरत फायर व सेफ्टी विभाग अधिकारी शशिकांत यादव के कुशल नेतृत्व में कारखाना परिसर में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरएन यादव ने हेलमेट की महत्ता के बारे में समझाया और लोगों को उचित पीपीई पहनने की सलाह दी। महाप्रबंधक विद्युत संजय शरण ने मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों व संविदा श्रमिकों को सुरक्षा, स्वास्थ्य की शपथ दिलायी। शुभारंभ के अवसर पर धर्मेंद्र, मनोज अग्रवाल, अखिलेश श्रीवास्तव, डीपी त्रिपाठी, आदर्श श्रीवास्तव, नीरज गौड़, सेफ्टी विभाग के शशिशेखर, वरूण शाह, कल्याण देव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शशिकांत यादव ने किया।

# दहेज हत्या के दोषी पति सास को 10-10 वर्ष की कैद

**सोनभद्र ।** करीब साढ़े तीन वर्ष पूर्व हुए आकांक्षा हत्याकांड के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर तीन सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी पति विक्रम सिंह व सास किरण सिंह को 10-10 वर्ष की कैद व 15-15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक वाराणसी जिले के लंका थाना क्षेत्र के शिवजी नगर कालोनी छितुपुर निवासी चंद्रहास सिंह पुत्र स्व. रामयश सिंह जो उस समय न्यू कालोनी राबट्र्सगंज में रहते थे और बैंक में कर्मचारी थे। उन्होंने 30 सितंबर 2018 को राबट्र्सगंज कोतवाली में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी बेटी आकांक्षा सिंह की शादी पांच दिसंबर 2015 को जौनपुर जिला के शाहगंज थाना क्षेत्र के छताई गांव निवासी विक्रम सिंह पुत्र स्व. चंद्रप्रताप सिंह के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। दूसरे दिन छह दिसंबर 2015 को विदा होकर अपनी ससुराल गई। जहां पर दहेज में 15 लाख रुपये की मांग को लेकर बेटी को पति, सास समेत अन्य लोग प्रताड़ित करने लगे। जब बेटी ने बताया तो समझाने का बहुत प्रयास किया गया, लेकिन ससुराल वाले नहीं माने। बल्कि बेटी को खाना भी नहीं देते थे और दामाद द्वारा यह भी धमकी दी गई थी की हत्या करके दूसरी शादी कर लेंगे। इसी बीच सूचना मिली कि बेटी आकांक्षा की हत्या कर दी गई है। जिससे पूर्ण विश्वास है कि पति, सास व अन्य लोगों ने बेटी की हत्या की है। इस तहरीर पर राबट्र्सगंज कोतवाली पुलिस ने विक्रम सिंह व किरण सिंह के विरुद्ध दहेज हत्या की एफआइआर दर्ज किया था। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में पति व सास के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी पति विक्रम सिंह व सास किरण सिंह को 10-10 वर्ष की कैद व 15-15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील विनोद पाठक ने बहस की।

# प्रोफेसर के घर से तीन लाख नकदी व आभूषण उड़ाए

**अदलहाट (मीरजापुर)।** क्षेत्र के विशेषरपुर माफी ग्राम में बुधवार की भोर में प्रोफेसर के घर के कमरे का ताला तोड़कर चोर 3.15 लाख रुपये नकदी समेत सोने व चांदी के जेवर पार कर दिए। दूसरे दिन पीड़ित गृहस्वामी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। गांव निवासी संदेश कुमार बिहार प्रांत के जसडीह स्थित स्वामी दयानंद डिग्री कालेज में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी पतनी सबिता देवी कुछ दिन पूर्व मायके गई हुई थीं। ऐसे में वह अपने भतीजे सोनू, मनीष एवं धीरज के साथ खाना खाने के बाद अलग-अलग कमरे में सोने के लिए चले गए। भोर में जब आंख खुली तो देखा की कमरे का दरवाजा बाहर से बंद है। आवाज देकर भतीजे को जगाया तो देखा कि एक कमरे का ताला टूटा हुआ है। कमरे के अंदर जाकर देखा तो आलमारी तोड़कर उसमें रखा छह थान सोने तथा आठ थान चांदी के जेवरात गायब थे। साथ ही पास में ही रखा बक्सा व ट्राली बैग गायब था, जिसमें तीन लाख 15 हजार रुपये नकदी थे। चोर बक्सा व बैग से रुपये निकालकर पास के ही कब्रिस्तान में फेंक दिया था। गृहस्वामी ने बताया कि बैंक से रुपया निकाला था, जिससे जमीन रजिस्ट्री कराने जाना था। साथ ही बताया कि चोरी के एक दिन पूर्व तीन चार की सख्यां में लोगों द्वारा घर की रेकी की जा रही थी। अंदेशा है कि उन्हीं लोगों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में चौकी इंचार्ज नरायनपुर वीपी सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जिस कमरे में कीमती सामान व नकदी रखा था उस कमरे में कोई सोया नहीं था।



# प्रचार के अंतिम दिन सीएम समेत कई दिग्गज करेंगे सभा

**सोनभद्र ।** जनपद में सात मार्च को होने वाले मतदान को लेकर प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को कई दिग्गज चुनावी सभाएं करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां दुद्धी में जनसभा को संबोधित करेंगे तो वहीं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल घोरावल विधानसभा के इमलीपुर जनसेवा इंटर कालेज में जनसभा को संबोधित करेंगी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राबट्र्सगंज, घोरावल व दुद्धी के म्योरपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम राबट्र्सगंज स्थित हाइडिल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। बसपा नेता सतीश चंद्र मिश्रा ओबरा में जनसभा को संबोधित करेंगे। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कोई भी दल पीछे नहीं रहना चाह रहा है। इसलिए सभी राजनीतिक दल अपने स्टार प्रचारकों के दम पर हर संभव प्रयास कर रहा है। कांग्रेस जहां छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का तीन जनसभा आयोजित किया है तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहली बार चुनाव प्रचार के लिए जिले में आ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल दूसरी बार जिले में प्रचार के लिए आ रही हैं। बसपा की तरफ से सतीश चंद्र मिश्रा पहली बार जिले में आ रहे हैं।

# रोमानियां बार्डर पर दुर्व्यवस्था से लौटने में हो रही देरी

**सोनभद्र ।** यूक्रेन से अपनी बहन के यहां दिल्ली लौटे अनपरा के ककरी निवासी प्रभात कुमार पुत्र जेपी कुशवाहा ने जागरण को बताया कि भारत सरकार द्वारा आपरेशन गंगा चलाए जाने से वहां पर रह रहे छात्रों को काफी सहूलियत मिली है। प्रभात ने बताया कि यूक्रेन से रोमानिया के बीच ही समस्या है। लोगों की काफी भीड़ होने की वजह से भारत आने में देरी व दिक्कत हुई। पहले यूक्रेन के लोगों को भेजने की प्रक्रिया की जा रही। इसके बाद दूसरे देशवासियों को भेजा जा रहा है। रास्ते में जाम के कारण पांच घंटे की दूरी 10 घंटे में तय हुई। बार्डर पर काफी ठंड थी। वहां का तापमान सात डिग्री था। तीन दिन बार्डर पर ही रहे। बार्डर पर एनजीओ द्वारा खाना-पानी दिया जाता था। वहां पर तमाम रेस्ट शेल्टर बनाए गए थे। उसी जगह पर सभी छात्रों को रखा जाता था। सभी जगह पर मार्शल ला लागू था। नंबर आने के बाद वहां से भेजा जाता था। रोमानिया से फ्लाइट द्वारा दिल्ली निःश्शुल्क लाया गया। यूक्रेन से रोमानिया के बीच ही सारी समस्या बनी रही। वहां पर कोई सहयोग नही मिल रहा था। रोमानियां पहुंच जाने के बाद लोग अपने को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। बार्डर पर से ही निकलने में देर हो रही हैं। यूक्रेन का प्रशासन यूक्रेनियन लोगों को ही ज्यादा तरजीह देकर बाहर निकालने में मदद करते थे। आगे की पढ़ाई के संदर्भ में प्रभात ने बताया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा कहा गया है कि 13 मार्च के बाद स्थिति सामान्य हो जाएंगी। यदि ऐसा नहीं होता है तो आनलाइन पढ़ाई आगे की जारी रहेंगी। पोलैंड, स्लोकाविया, रोमानियां आदि जगहों पर स्थित विद्यालयों में मैचुअल की भी व्यवस्था दी गई है।



# संयुक्त बार ने अदालती समस्याओं के संदर्भ में सौंपा ज्ञापन

**दुद्धी (सोनभद्र) ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के शासकीय अधिवक्ता शिवकुमार पाल ने दुद्धी में अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर आप अपने अधिकारों से कदापि न चूकें। आपका एक मत अमूल्य है, जिसकी कीमत एक अच्छे सरकार के गठन और जो राष्ट्र व समाज के सर्वांगीण विकास की कड़ी है। आज अच्छे नेतृत्व की देन है कि अमेरिका से लेकर विदेशों में भारत का डंका बज रहा है, जो गौरव की बात है। इसके अलावा प्रस्तावित न्यायालयों की स्थापना व न्यायाधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में माननीय हाईकोर्ट से पहल करने का आश्वासन दिया। बार अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव ने आभार जताते हुए रिक्त न्यायाधिकारियों की नियुक्ति व प्रस्तावित कोर्ट की स्थापना वादकारी हित में शीघ्र कराने की मांग की। इसके अलावा रामलोचन तिवारी, नंदलाल, राजकुमार अग्रहरि आदि ने भी अदालती समस्याओं से अवगत कराकर, निराकरण की मांग की। अंत में अधिवक्ताओं ने मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा। संचालन कुलभूषण पांडेय ने किया। इस मौके पर स्टैंडिग काउंसिल हाईकोर्ट संतोष शुक्ला व गिरिजेश त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता भागीरथी गुप्ता, श्यामजी सिंह, प्रेमचंद यादव, राजेंद्र श्रीवास्तव, विश्वनाथ गुप्ता, राकेश श्रीवास्तव, शन्ने बानो, रामनरेश समेत सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# मोदी-योगी के साथ जय श्रीराम के नारे से गूंजा सभा स्थल, छाया भगवा रंग

**मीरजापुर ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देखते ही मोदी-मोदी के नारे तो आम हैं, लेकिन जब लोग मोदी को पास देखते हैं तो जोश व उत्साह और बढ़ जाता है। मोदी देश के ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो जहां भी जाए वहां मोदी-मोदी की गूंज सुनाई पड़ती है।



खासकर मोदी-योगी दोनों साथ हों तो लोग और उत्साहित होते हैं। मोदी-योगी के साथ जय श्रीराम के नारे लगाना नहीं भूलते। शुक्रवार को बरकछा कलां के पास मैदान पर आयोजित जनसभा में ऐसा ही मौहाल था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दोबारा मुख्यमंत्री बनाने व मीरजापुर विधानसभा प्रत्याशी रतनकर मिश्र के लिए जनता का समर्थन मांगने आए थे। प्रधानमंत्री के मंच पर आते ही पूरा पंडाल मोदी-योगी जिंदाबाद व जय श्रीराम के नारे से गूंज उठा। पंडाल व मंच से लेकर वहां मौजूद हर कोई भगवा रंग में नजर आया। सेल्फी का क्रेज भी दिखा। उत्साहित लोग मोदी के कटआउट के साथ सेल्फी लेते नजर आए।

# चुनावी ड्यूटी में तैनात शिक्षकों ने मतदान न कराने पर जताया आक्रोश

**सोनभद्र ।** विधानसभा चुनाव ड्यूटी में तैनात तमाम शिक्षकों को मतदान करने का मौका नहीं मिला। इससे नाराज शिक्षकों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। यहां उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को मतदान का अधिकार है, लेकिन शिक्षकों को ड्यूटी पर लगा दिया गया और उन्हें वोट करने से वंचित कर दिया गया। मौजूद दिलीप त्रिपाठी, दिवाकर, पवन, राजकुमार, गोरख, अरशद अली मुल्लाह, श्रीराम, मधुरा, हरिदास, वासुदेव, रामअवतार, सुभाष, सुजीत, विमलेश, अवधेश, राजेश कुमार, श्रीनिवास, अमरनाथ, महेश सहित दर्जनों शिक्षकों ने विरोध जताते हुए बताया कि चुनाव कराने के लिए उन्हें प्रशिक्षण कराया गया। लेकिन उन्हें मतदान करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई। शिक्षक मतदान करने के लिए अफसरों के पास भटकते रहे लेकिन उन्हें मतदान करने का मौका नहीं मिला। शिक्षकों ने बताया कि सात मार्च को विधानसभा चुनाव को लेकर पीठासीन अधिकारी के लिए प्रशिक्षण डेट तीन मार्च को पत्र जारी कर अवगत कराया गया और शुक्रवार चार तारीख को पॉलीटेकिन्क कालेज में हम सभी शिक्षकों का प्रशिक्षण कराया गया। इसके बाद दर्जनों शिक्षकों को मतदान के लिए जब वार्ता किए तो बताया गया उनके द्वारा कि आप लोग मतदान करने के लिए जिलाधिकारी से वार्ता करें। हमें जितने निर्देश दिए गए थे, हम उतना करा दिए हैं। इस पर खफा अध्यापकों ने कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन कर एडीएम कार्यालय का घेराव किए। उधर मामले की सूचना पाकर सपा जिलाध्यक्ष विजय यादव ने एडीएम से कलेक्ट्रेट जाकर मुलाकात की और शिक्षकों का मतदान कराने की मांग की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने दूरभाष पर डीएम से भी इस संबंध में वार्ता की।



# सेक्टर मजिस्ट्रेट सुनिश्चित करें कि बूथों पर नहीं रहे कोई कमी : डीएम

**मीरजापुर ।** राजकीय पालीटेक्निक कालेज में जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में शुक्रवार को सेक्टर मजिस्ट्रटों का प्रशिक्षण हुआ। इसमें विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सेक्टर मजिस्ट्रेट आज ही एक बार पुनः अपने सभी बूथों का भ्रमण कर शाम तक रिपोर्ट दे दें, ताकि कही भी यदि कोई कमी रह गयी हो तो उसका समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्वाचन अवधि तक मजिस्ट्रेट का पावर भी प्रदान किया गया है। पद की गरिमा के महत्व को समझते हुए पूरी निष्ठापूर्वक कार्य करें तथा पारदर्शी, निष्पक्ष एवं चुनाव कराएं। सभी अधिकारी समय के महत्व को भी समझते हुये अपने क्षेत्र के तहत में समय का विशेष ध्यान दें। पोलिग पार्टियां 06 मार्च को रवाना होगी। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट सुबह 06 बजे तक राजकीय पॉलीटेकिन्क अवश्य पहुंच जाए। अपने पोलिग पार्टियों को समय से रवानगी सुनिश्चित कराएं। प्रत्येक दशा में 06 मार्च को सभी पोलिग पार्टियां दोपहर एक बजे से डेढ़ बजे तक रवाना हो जाए। अपने मतदान केंद्रों पर शाम 04 बजे तक पहुंच जाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद को निर्देश दिया कि सभी स्कूल खुले रहेंगे ताकि पोलिग पार्टियां पहुचें तो उन्हें स्कूल खुला मिले। शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराना सभी की जिम्मेदारी है। टीम भावना के साथ कार्य करें। किसी भी समस्या आने पर अपने उच्चाधिकारियों को तत्कल सूचना दें। क्षेत्र में कलस्टर पुलिस मोबाइल भी रहेगी। किसी भी सूचना पर 15 मिनट में बूथ पर पहुंच जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ला ने बताया कि मतदान के दिन यानी 07 मार्च 2022 को साढ़े पांच बजे माकपोल किया जाएगा यह सुनिश्चित कराएं कि माकपोल ससमय आरंभ हो जाए। सेक्टर मजिस्ट्रेट भी अपने क्षेत्र के किसी एक बूथ पर माकपोल के समय अवश्य शामिल हो। सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र में चक्रमण करेंगे तथा प्रत्येक बूथ पर अवश्य पहुंचे।

# उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 सोनभद्र में मुख्यमंत्री योगी की हुंकार बुलडोजर बोलती बंद करता है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अश्विनीकुमार ठाकुर**

**सोनभद्र।** जिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी जनसभा आदिवासी बाहुल्य दुद्धी विधानसभा क्षेत्र में किया गया बीजेपी प्रत्याशी के समर्थन में मुख्यमंत्री ने इस चुनावी जनसभा को संबोधित किया सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को घर परिवार वादियों की पार्टी बताते हुए जमकर हमला बोला बसपा को भी आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि सोनभद्र की जनता माफिया वादियों और परिवार वासियों को ढंग से पहचान चुकी है यहां की जनता जनार्दन में दिखता उत्साह और अभूतपूर्व समर्थन वह बता रहा है कि जिले का हर बूथ पर कमल खिला कर रहेगा। अपने संबोधन में सीएम योगी ने कहा आने वाले समय में भी



देश विरोधी ताकतों पर बुलडोजर चलाएंगे । साथ ही उन्होंने परिवार वादियों और माफिया वादियों जैसे स संबोधन से विपक्ष को चेताया भी।

# केला, स्ट्राबेरी व ड्रैगन फ्रूट की खेती में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर राज्यपाल ने किया सम्मानित

**मीरजापुर ।** केला, स्ट्राबेरी व ड्रैगन फ्रूट की खेती में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसान राधेश्याम पटेल को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सम्मानित किया। राज्यपाल ने प्रदेश भर के 11 किसानों को सम्मानित किया। हालांकि राज्यपाल पहले ही मीरजापुर को ड्रैगन फ्रूट हब घोषित कर चुकी हैं। किसान राधेश्याम को मीरजापुर में केला गुरु के नाम से भी सम्मानित किया गया है। राजगढ़ ब्लाक के पटेल नगर गांव निवासी राधेश्याम सिंह पटेल किसान इंटर कालेज राजगढ़ में अध्यापक थे। 2017 में अध्यापक पद से सेवानिवृत्त होने के बाद एकदम खाली हो गए। खाली समय को खेती पर गुजारने को सोचा। खेती के लिए दो हेक्टेयर भूमि भी उनके पास था। फिर क्या धान, गेहूं, आलू की खेती करने लगे। इससे लागत की अपेक्षा आय बहुत ही कम हुई तो राजगढ़ में उद्यान विभाग में आयोजित कृषक प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर केला टिश्यू कल्चर की खेती के बारे में जानकारी ली। प्रयोग के तौर पर केला की खेती करने का विचार आया। जिला उद्यान अधिकारी मेवाराम से संपर्क कर उनके मार्गदर्शन में 2017 में सर्वप्रथम 2.5 बीघा केला की खेती प्रारंभ की। 14 से 15 माह बाद केला तैयार हो गया। एक कादी वजन 40 से 50 किलोग्राम था। चूंकि जनपद में प्रथम बार टिश्यू कल्चर केले की खेती की गई थी। इस कारण लोकल बाजार में ही अच्छे दामों पर केला बिक गया। इससे किसान राधेश्याम को कुल पांच लाख रुपये की आय हुई। नवीन खेती व उसके आय से प्रभावित होकर आसपास गांव के किसानों ने भी केला की खेती करने की इच्छा जाहिर की। इसके बाद पटेल नगर गांव के के साथ आसपास के गांव में कुल 50 हेक्टेयर में केले की खेती की जाने लगी। वर्तमान में जनपद में कुल 250 हेक्टेयर में केले की खेती की जा रही है। किसान राधेश्याम ने बताया कि जिला उद्यान अधिकारी के साथ मुझसे भी किसान केला खेती संबंधित समस्याओं का निराकरण करा सकते हैं।

# मारकुंडी घाटी में अनियंत्रित सीआईएसएफ फोर्स का बस सैकड़ों फीट खाई में गिरा एक जवान शहीद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अश्विनीकुमार ठाकुर**

**सोनभद्र।** सोनभद्र विधानसभा चुनाव कराने के लिए सुरक्षाबलों को लेकर आ रही रोडवेज बस शुक्रवार की रात मारकुंडी घाटी में अनियंत्रित होकर पलट गई हादसे में बस सवार सीआईएसएफ के एक जवान की मौत हो गई वहीं अन्य साथी भी गंभीर रूप से घायल हुए जिला अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के बाद तीन घायलों को वाराणसी रेफर कर दिया गया खुर्जा डिपो की बस में सवार होकर सीआईएसएफ के जवान जिले में आ रहे थे रात करीब 2:00 बजे हाईवे पर स्थित मारकुंडी घाटी में बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे चली गई हादसे में बस सवार जवानों को गंभीर चोट आई मौके पर पहुंची पुलिस ने अन्य लोगों की मदद से सभी जवानों को बस से बाहर निकलवा कर जिला अस्पताल भिजवाया जहां चिकित्सकों



ने कांस्टेबल कृष्ण वीर सिंह 45 वर्ष पुत्र योगेंद्र सिंह ग्राम सलोनी थाना बहादुरगढ़ गाजियाबाद को मृत घोषित कर दिया गया घायलों में सीआईएसएफ यूनिट एचपीसीएल विशाखापट्टनम 846/535 के कांस्टेबल बालाकृष्ण निवासी हैदराबाद ,बृजेश राठौर निवासी आंध्र प्रदेश ,एएस आई एस एल नायक, हेड कांस्टेबल एमएम बेग निवासी हैदराबाद कांस्टेबल के चंद्रिया उड़ीसा ,सुरेश हेड कांस्टेबल यूसी निवास राव, रजनीश आदि शामिल हैं इसमें बालाकृष्ण, बृजेश और एस एल नायक को वाराणसी रेफर कर दिया गया है

## रवि किशन, मनोज तिवारी के न आने से निराश हुए लोग

**सोनभद्र ।** फिल्म अभिनेता व गोरखपुर से सांसद रवि किशन व भाजपा के दिल्ली के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी की सोनभद्र में चुनावी सभा नहीं हो सकी। रवि किशन का हेलीकाप्टर दक्षिणांचल ग्रामोदय इंटर कालेज बभनी में हेलीपैड होने के कारण नहीं उतर सका। रवि किशन का हेलीकाप्टर कार्यक्रम स्थल पर तीन बार चक्कर काटा लेकिन हेलीपैड पर उतरे बगैर लौट गया। इससे निराश होकर जनता वहां से लौट गई। उधर मनोज तिवारी का कार्यक्रम कोन ब्लाक के रामगढ़ क्षेत्र में होने वाला था। इसको लेकर पूरी तैयारी थी लेकिन अंततः वे नहीं आए। इससे उनकी सभा नहीं हो सकी। यहां भी लोग निराश होकर लौट गए।

## घर में आग लगाने का आरोप, एसपी को दिया शिकायती पत्र

**सोनभद्र ।** सदर कोतवाली क्षेत्र के जोगिया वीर मोहाल वार्ड चार निवासी चितामणि पांडेय ने एसपी को पत्र भेजकर कुछ लोगों पर घर में आग लगाने का आरोप लगाया है। उनसे प्रार्थना पत्र में कहा है कि कुछ विवाद में उसका कोतवाली पुलिस ने चालान कर दिया। इसकी जानकारी पर उसकी पत्नी व बेटे उसकी पैरवी करने कोतवाली गए। इस दौरान विपक्षियों ने उसके घर में आग लगा दी। इससे गृहस्थी का सामान जल गया। जब उसकी नाबालिक बेटी वहां पहुंची तो विपक्षियों ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया। चितामणि ने इस मामले में एसपी से कार्रवाई की मांग की है। उधर प्रभारी निरीक्षक का मोबाइल स्वीच आफ था, इससे उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

## चुनाव ड्यूटी के लिए वाहन मंगाए चालकों का नहीं रखा ख्याल

**सोनभद्र ।** कलेक्ट्रेट परिसर में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को सुबह ही मजिस्ट्रेट सहित अन्य उड़नदस्ता टीम के लिए जिलेभर से चिन्हित वाहनों को बुला लिया गया। वहां मौजूद वाहन स्वामी, चालकों ने बताया कि सुबह से शाम हो गई, नाश्ते की कोई व्यवस्था नहीं कराई गई। दूर दराज से आने पर कोई व्यवस्था न मिलने से उनके समक्ष परेशानी खड़ी हो गई है। हम लोगों को भी मतदान करने का अधिकार है। हम लोगों का मतदान कैसे और कब होगा, यह कोई बताने वाला नहीं है।

# सोनभद्र में बहुजन समाज पार्टी अपने भारी भरकम नारे के साथ सबका साथी बसपा का हाथी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अश्विनीकुमार ठाकुर**

**सोनभद्र।** ओबरा रामलीला ग्राउंड में बसपा राष्ट्रीय महासचिव सतीश मिश्रा उनकी पतनी कल्पना मिश्रा व उनके पुत्र हेलीकॉप्टर से पहुंचे नहीं रहते उसमें भी सोनभद्र में अपने नारे सबका साथी बसपा का हाथी के साथ ओबरा विधानसभा में अपनी जनसभा के द्वारा लोगों को बसपा को जिताने का आग्रह किया और भारी मात्रा में लोगों को भीड़ भी देखने



भारी संख्या में जो के कार्यकर्ताओं के जनसभा को किया संबोधित। सोनभद्र जिले में बीजेपी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस अगर अपना झंडा लहराने में लगी है तो बसपा भी पीछे को मिली इस सभा में अशोक गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष पननलाल प्रत्याशी सुभाष खरवा निशांत कुशवाहा जितेंद्र निषाद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# ओबरा विधानसभा प्रत्याशी सपा प्रत्याशी सुनील सिंह गौड़ ने रोड शो कर दिखाया दम कार्यकर्ता व समर्थकों ने माला पहना कर किया स्वागत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अश्विनीकुमार ठाकुर**

**सोनभद्र।** ओबरा विधानसभा सपा प्रत्याशी सुनील सिंह गौड़ ने रोड शो कर दिखाया दम कार्यकर्ता व समर्थकों ने माल्यार्पण कर किया स्वागत विधानसभा अध्यक्ष ने सपा सरकार के उपलब्धि पर प्रकाश डाला और कहा कि सपा सरकार में सबकी भलाई है। प्रत्याशी सुनील सिंह गौड ने विकास व काम का किया वादा अपने कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां तथा सपा शासनकाल में किए गए कार्यों पूरा नहीं करा पाई वर्तमान सरकार बोला करने और कहने में बताया अंतर भाजपा सरकार पर जमकर साधा निशाना इस अवसर पर कर्मठ व जुझारू सपा युवा नेता रवि सिंह गौड़, संजय यादव, किलाचंद यादव, अली आजाद, सरवन यादव अंजनी यादव असलम खान एवं तमाम क्षेत्रीय प्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# जडेजा ने लगाया करियर का दूसरा शतक, भारत का स्कोर 460 के पार

**नई दिल्ली।** मोहाली में भारत और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच के दूसरे दिन का खेल जारी है। रवींद्र जडेजा ने अपने करियर का 18वां अर्धशतक पूरा कर लिया है। खबर लिखे जाने तक भारत ने 7 विकेट पर 463 रन बना लिए हैं। रवींद्र जडेजा ने अपने करियर का दूसरा शतक पूरा कर लिया है। रवींद्र जडेजा 101 और जयंत यादव 1 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। भारत को अश्विन के रूप में 7वां झटका लगा। उन्होंने 61 रन की पारी खेली उन्हें लकमल ने डिकवेला के हाथों कैच कराया। टीम ने पहले दिन टीम खेल खत्म होने तक 6 विकेट खोकर 357 रन बना लिए थे। भारत को इस मजबूत स्थिति में पहुंचाने में रिषभ पंत की 96 रन की पारी और हनुमा विहारी की 58 रन की पारी का अहम योगदान रहा था। इसके अलावा अपने 100वें टेस्ट की पहली पारी में विराट कोहली ने भी 45 रन की पारी खेली थी। मैच के दूसरे दिन अब भारत की नजर इस स्कोर को और मजबूत करने पर होगी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मयंक अग्रवाल के साथ मिलकर भारत को अच्छी शुरुआत




दिलाई और पहले विकेट के लिए दोनों के बीच 52 रन की साझेदारी हुई। हालांकि इस पार्टनरशिप को रोहित शर्मा को 29 रन पर आउट करके लाहिरू कुमारा ने तोड़ दिया। टीम इंडिया ने अपना दूसरा विकेट मयंक अग्रवाल के तौर पर गंवाया जिन्हें 33 रन के स्कोर पर लसिथ एम्बुलडेनिया ने पगबाधा आउट कर दिया। विराट कोहली ने अपने 100वें टेस्ट मैच की पहली पारी में 45 रन बनाए और एम्बुलडेनिया की गेंद पर बोल्ड हो गए। हनुमा विहारी ने 58 रन की पारी खेली और वो विश्वा फर्नांडो की गेंद पर आउट हुए। भारत का 5वां विकेट श्रेयस अय्यर के रूप में गिरा जो 27 रन बनाकर डी सिल्वा की गेंद पर आउट हुए। रिषभ पंत ने 96 रन की काफी अहम पारी खेली और सिर्फ 4 रन से अपने पांचवें टेस्ट शतक से चूक गए। रिषभ पंत की पारी का अंत सुरंगा लकमल की गेंद पर हुआ और पंत को उन्होंने बोल्ड कर दिया। रोहित शर्मा (कप्तान), मयंक अग्रवाल, हनुमा विहारी, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, रिषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, जयंत यादव। दिमुथ करुणारतने (कप्तान), लाहिरू थिरिमाने, पथुम निसानका, चरित असलांका, एंजेलो मैथ्यूज, धनंजया डी सिल्वा, निरोशन डिकवेला (विकेटकीपर), सुरंगा लकमल, विश्वा फर्नांडो, लसिथ एम्बुलडेनिया, लाहिरू कुमारा।

# भारतीय महिला टीम, पाकिस्तान के खिलाफ जीत के साथ करना चाहेगी अपने वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपने वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत रविवार को बे-ओवल मैदान पर अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के साथ करेगी। ये मुकाबला भारतीय समयनुसार सुबह 6.30 बजे शुरू होगा। किसी भी टूर्नामेंट के लिए जरूरी होता है कि आपकी शुरुआत अच्छी हो इसलिए टीम इस मैच को जीतना चाहेगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज को छोड़ दें तो टीम के लिए सब कुछ ठीक घटा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी वनडे से लेकर दो वार्म अप मैचों में भी टीम ने जीत दर्ज की है टीम ने पहले वार्म अप मैच में दक्षिण अफ्रीका को 2 रन से जबकि दूसरे वार्म अप मैच में वेस्टइंडीज को 81 रन से हराया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी की थी। इस मैच में मंधाना ने 66 जबकि दीप्ति ने 51 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा कप्तान मिताली राज ने 30 जबकि यास्तिका भाटिया ने भी 42 रन की पारी खेली थी। टीम जीत के इस मोमेंटम को यहां भी जारी रखना चाहेगी। टीम का शीर्ष क्रम अच्छे फार्म में नजर आ रहा है। दोनों टीमों वर्ल्ड कप में आपस में ज्यादा मैच नहीं खेली है। अब तक केवल दो बार ऐसा मौका आया है जब दोनों टीम आपस में भिड़ीं है। दोनों ही बार भारत ने जीत दर्ज की है और पाकिस्तान को अब तक जीत का इंतजार है। इसके




अलावा भारत के लिए एक अच्छी बात ये भी है कि पाकिस्तान की टीम दोनों ही मैचों में 100 का आंकड़ा भी नहीं छू पाई है। दोनों टीमों के बीच आखिरी एन्काउंटर पिछले वर्ल्ड कप में हुआ था। इस मैच को भारतीय टीम ने 95 रन से जीता था। भारतीय गेंदबाज एकता बिष्ठ ने इस मैच में 6 विकेट झटके थे। बल्लेबाजी की बात करें तो पूनम रावत ने 47 और सुषमा वर्मा ने 33 रन बनाए थे। वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में अनुभव का बड़ा महत्व होता है। इसको देखते हुए पाकिस्तान की अनुभवी गेंदबाज नशरा संधू भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ा खतरा बन सकती है। पिछली बार वर्ल्ड कप में इन्होंने भारत के चार खिलाडियों को पवेलियन भेजा था। मिताली राज (कप्तान), हरमनप्रीत कौर (उप कप्तान), स्मृति मंधाना, शैफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), झूलन गोस्वामी, रेणुका सिंह ठाकुर, राजेश्वरी गायकवाड़ और पूनम यादव बिस्माह मारूफ (कप्तान), निदा डार (उप कप्तान), ऐमन अनवर, आलिया रियाज, डायना बेग, जावेरिया खान, नाहिदा खान, नशरा संधू, ओमैमा सोहेल, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज़(विकेटकीपर)

# बल्लेबाजों को बोल्ड करने वाले शेन वार्न जब ताज की खूबसूरती देख खुद ही हो गए थे बोल्ड

**आगरा।** आस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर शेन वार्न का अचानक से निधन होने से हर कोई स्तब्ध है। क्रिकेट प्रेमियों को सचिन तेंदुलकर द्वारा शारजाह के मैदान में शेन वार्न की गेंदों पर आगे बढ़कर लगाए गए छक्के याद आ रहे हैं। ताजनगरी से भी शेन वार्न की यादें जुड़ी हुई थीं। वह आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के साथ यहां ताजमहल के दीदार को आए थे। अपनी गेंदों पर दुनियाभर के बल्लेबाजों को बोल्ड करने वाले शेन वार्न स्मारक की खूबसूरती पर बोल्ड हो गए थे। स्मारक में उनका मस्तमौला अंदाज देखने को मिला था। वर्ष 1996 में क्रिकेट वर्ल्ड कप का आयोजन हुआ था। वर्ल्ड कप में खेलने आई आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम तब ताजमहल देखने आगरा आई थी। टीम के साथ शेन वार्न भी थे। आस्ट्रेलिया की टीम को ताजमहल में देखकर पर्यटक खिलाडियों के नजदीक जाने की कोशिश करने लगे थे और भारी भीड़ जुट गई थी। सुरक्षाकर्मियों ने किसी तरह स्थिति को संभाला था। तब खुशमिजाज और मस्तमौला अंदाज के लिए जाने वाले शेन वार्न का स्मारक में भी मस्तमौला अंदाज देखने को मिला था। स्मारक में चलते-फिरते ही उन्होंने एक विदेशी महिला पर्यटक से बातचीत करनी शुरू कर दी थी। सुरक्षा घेरे की भी उन्होंने परवाह नहीं की थी। आगरा के क्रिकेटर राहुल चाहर ने शेन वार्न की गेंदबाजी के वीडियो देखकर लेग स्पिन करना सीखा था। उनके कोच व ताऊ लोकेंद्र सिंह चाहर शेन वार्न की गेंदबाजी के डीवीडी लेकर आते थे और उन्हें दिखाते थे। वीडियो देखने के बाद वह शेन वार्न की तरह गेंदबाजी करने लगे।

# IPL के पहले सीजन का टाइटल जीतने वाले कप्तान थे शेन वार्न, राजस्थान रायल्स को बनाया था चैंपियन

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज स्पिनर शेन वार्न का इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल से गहरा नाता है। दरअसल वो इस भारतीय टी20 क्रिकेट लीग के पहले सीजन के पहले चैंपियन कप्तान थे। एम एस धौनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स के साथ हुआ था। फाइनल मैच में सीएसके ने पहले बल्लेबाजी की थी और 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 163 रन बनाए थे। सीएसके की तरफ से सुरेश रैना



साल 2008 में आइपीएल की शुरुआत हुई थी और राजस्थान रायल्स टीम की कमान शेन वार्न के हाथों में दी गई थी। इस सीजन में उन्होंने अपनी शानदार कप्तानी के जरिए इस टीम को चैंपियन बना दिया था। शेन वार्न ने साल 2007 में इंटरनेशनल क्रिकेट करियर को अलविदा कह दिया था और इसके बाद साल 2008 में राजस्थान रायल्स ने नीलामी के जरिए खरीदा था और उन्हें टीम का कप्तान बनाया था। इसी साल वार्न ने राजस्थान को चैंपियन बनाया और इसके बाद साल 2011 तक टीम के कप्तान बने रहे। इसके बाद वो आइपीएल में खेलते हुए नजर नहीं आए। शेन वार्न की कप्तानी में राजस्थान रायल्स टीम आइपीएल सीजन 2008 के फाइनल में पहुंची थी। फाइनल में इस टीम का सामना ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए थे जबकि पहली पारी में राजस्थान की तरफ से यूसुफ पठान ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए थे जबकि शेन और सौहेल तनवीर को एक-एक सफलता मिली थी। इस फाइनल को जीतने के लिए राजस्थान की टीम को 164 रन बनाने थे और इस टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 164 रन बनाते हुए तीन विकेट से मैच जीत लिया और पहली बार चैंपियन बनी। राजस्थान को जीत दिलाने में सबसे अहम योगदान यूसुफ पठान की बेहतरीन बल्लेबाजी का रहा और उन्होंने 39 गेंदों पर 4 छक्के और 3 चौकों की मदद से 56 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। यूसुफ पठान को उनके आलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर आफ द मैच का खिताब भी दिया गया था।

# वार्न के नाम पर होगा मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंट के इस खास स्टैंड का नाम, क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने अपने महान क्रिकेटर शेन वार्न को एक खास श्रद्धांजलि देने का ऐलान किया है। शनिवार को उनकी तरफ से ये घोषणा की गई कि मेलबर्न



क्रिकेट ग्राउंट के साउथर्न स्टैंड का नाम बदलकर एस के शेन वार्न किया जाएगा। वार्न का शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वे 52 साल के थे। वार्न के निधन से पूरा क्रिकेट जगत स्तब्ध है और सभी अपना शोक प्रकट कर रहे हैं। इस बीच क्रिकेट आस्ट्रेलिया की तरफ से ट्विटर पर जानकारी दी गई है।द ग्रेट साउथर्न स्टैंड एमसीजी का नाम बदलकर स्थायी तौर पर एस के शेन वार्न कर दिया जाएग इस मैदान से वार्न की कई अच्छी यादें जुड़ी हैं। वार्न ने यहां कई ऐतिहासिक रिकार्ड बनाए हैं यहां तक कि उन्होंने अपने करियर का 700वां विकेट भी इसी मैदान पर लिया था। वार्न ने अपने 15 साल के करियर में 145 टेस्ट मैच में 708 विकेट हासिल किया। उन्होंने 10 बार मैच में 10 विकेट और 38 बार पांच विकेट लिया था। वनडे में उनके नाम 194 मैच में 293 विकेट है। अकेले एशेज में उन्होंने 195 विकेट लिए थे। वार्न के अचानक निधन से पूरा क्रिकेट जगत शोक की लहर में डूब गया। शुक्रवार की सुबह आस्ट्रेलिया क्रिकेट के लिए काला दिन रहा। पहले महान विकेटकीपर राड मार्श का निधन और फिर वार्न की की खबर ने सबको हिला कर रख दिया। 24 साल बाद पाकिस्तान दौरे पर गई आस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पैट कमिंस ने शोक जताते हुए कहा कि वो एक महान क्रिकेटर थे। उनकी कमी हमेशा आस्ट्रेलिया क्रिकेट को खलेगी। भारत से भी क्रिकेटर सहित कई लोगों ने वार्न के निधन पर अपनी संवेदना प्रकट की है। बीसीसीआइ की तरफ से कहा गया है कि उनके जाने से क्रिकेट गरीब हो गया है। स्पिन के इस जादूगर का जाना अगले कुछ दिन तक पूरा क्रिकेट जगत भूल नहीं पाएगा।

# शेन वार्न के निधन से पूरे क्रिकेट जगत में शोक की लहर.............

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर शेन वार्न का 52 साल की उम्र में हार्ट अटैक से निधन हो गया है। शेन वार्न के निधन से पूरे क्रिकेट जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। सचिन तेंदुलकर जो उनके अच्छे मित्र हैं उन्होंने वार्न के निधन पर शोक जताते हुए कहा है कि उन्हें इस बात पर भरोसा नहीं हो रहा है। सचिन ने कहा है कि 'आप बहुत याद आओगे वार्नी' आप जब भी आस-पास रहे कभी उदास नहीं रहा।



# इस पाकिस्तानी बल्लेबाज ने टेस्ट के पहले दिन शतक ठोककर आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की निकाली हवा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और आस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला रावलपिंडी में खेला जा रहा है। इस टेस्ट मैच के पहले दिन पाकिस्तान की टीम ने खेल खत्म होने तक एक विकेट के नुकसान पर 245 रन बनाए। पहले दिन आस्ट्रेलिया के गेंदबाज ने पूरी जोर लगा दी, लेकिन वो पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सिर्फ एक ही बल्लेबाज को आउट कर पाए। वहीं खेल के पहले दिन ओपनर बल्लेबाज इमाम-उल-हक ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाया और नाबाद पवेलियन लौटे तो वहीं अजहर अली ने भी नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। इमाम-उल-हक ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के पहले दिन नाबाद शतक लगाया। उन्होंने 271 गेंदों का सामना करते हुए दो छक्के व 15 चौकों की मदद से नाबाद 132 रन बनाए। इमाम ने पहले विकेट के लिए अबदुल्लाह शफीक के साथ मिलकर 105 रन की साझेदारी की और टीम को बेहद मजबूत शुरुआत दी। शफीक ने भी 44 रन की पारी खेली। इसके बाद इमाम ने अजहर अली के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए खेल के पहले दिन नाबाद 140 रन की साझेदारी की और टीम के स्कोर को 245 तक पहुंचाया। खेल के पहले दिन इमाम-उल-हक का अजहर अली ने काफी अच्छा साथ निभाया और उन्होंने भी पहले दिन नाबाद 64 रन की पारी खेली। खेल के पहले दिन आस्ट्रेलिया ने अपने रेगुलर बालर समेत 8 गेंदबाजों का आजमाया, लेकिन सभी मिलकर भी दूसरा विकेट लेने में पहले दिन सफल नहीं हो पाए। खेल के पहले दिन पाकिस्तान को एकमात्र झटका नाथन लियोन ने दिया। आस्ट्रेलिया का कोई भी तेज गेंदबाज एक भी विकेट पहले दिन नहीं ले पाए।


# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्युटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

**1.प्रमाण पत्रः-** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केंन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। **2.चयन की प्रक्रियाः-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। **3.आयु सीमाः-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। **4.आवेदन कैसे करेः-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते है तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। **5.**आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। **6.कक्षायें/उपस्थितिः-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। **7.छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। **8.** अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। **9.दाखिले की अंतिम तिथिः-** 15 मार्च 2022

सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790

# अनुपमा को लेकर ट्विटर पर हो रही बायकॉट करने की मांग मेकर्स पर फूटा फैंस का गुस्सा

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस पर आने सुपरहिट शो 'अनुपमा' लगातार दर्शकों का पसंदीदा शो बना हुआ है। यही वजह है कि यो टीआरपी की रेस में नंबर वन बना हुआ है। शो में हर दिन कहानी में आने वाले नए सस्पेंस दर्शकों को बंधे रखता है। लेकिन इसी बीच अब दर्शकों ने अपने इसी फेवरेट शो को बायकॉट करने मांग कर रहे हैं। मेकर्स पर दर्शकों का गुस्सा इन कद्र फूट रहा है कि वो इस शो को अब लंबे वक्त तक ने देखने की बात तक करते दिख रहे हैं। आइए जाते हैं पूरा मामल दरअसल, शो के मेन कलाकार यानी रुपाली गांगुली के फैंस को शो में उनके जीवन में आगे बढ़ने वाली कहानी के बाद अब फिर से फैमिली ड्रामा देख निर्माताओं पर गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। अनुपमा के फैन फिर से शो में उनके परिवार यानी पुराने मोड़ पर लौटने वाले ट्विस्ट से काफी परेशान हो चुके हैं। इस बात को लेकर दर्शक मेकर्स से न सिर्फ निराश हैं बल्कि ट्विटर पर अपना गुस्सा तक निकाल रहे है वहीं गुरुवार के एपिसोड के बाद, यह स्पष्ट हो गया कि 'अनुपमा' को अपने परिवार और अपने प्यार यानी अनुज में से किसी एक को चुनना होगा। जबकि अब के फैन्स चाहते हैं कि अनुज और अनुपमा साथ रहें और अपने नए जीवन की शुरुआत करें। लेकिन ऐसा न होता देख दर्शक काफी निराश है। उन्हें ये बात बिल्कुल पसंद नहीं आ रह है कि अनुपमा को शाह परिवार फिर से अपने ड्रामों की वजह से पीछे खींच रहा है। वहीं दूसरी ओर वह अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ दोनों में आगे बढ़ रही है। बता दें कि अनुपमा को वापस लाने के लिए किंजल का सहारा लिया जा रहा है। क्योंकि किंजल यानी अनुपमा की बहू प्रेगनेंट हैं और इसी बात का फायदा उठा कर उन्हें इमोशनली मजबूर कर वापस बुलाने पर मजबूर किया जा रहा है। अब देखना होगा कि क्या वाकई मेकर्स फैंस की बात मानकर अनुपमा और अनुज को फिर से एक साथ दिखाएंगे। या फिर पहले की तरह ही वह अपने परिवार के षड्यंत्रों का शिकार होती रहेंगी।



# तारक मेहता की रीटा रिपोर्टर ने फ्रंट जालीदार गाउन में कराया बेहद बोल्ड फोटोशूट

**नई दिल्ली।** टीवी के सबसे पॉपुलर कॉमेडी शो में से एक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' 13 सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो को हर कलाकार की अपनी खास कॉमिक टाइमिंग है। अपनी खास कॉमेडी के चलते इस शो के स्टार्स को काफी पसंद किया जाता है। एक ऐसी ही एक्ट्रेस हैं जो न सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि अपने बोल्ड अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। ये कोई और नहीं बल्कि शो में रीटा रिपोर्टर का किरदार निभाने वाली प्रिया आहूजा की बात कर रहे हैं। प्रिया असल जिंदगी में काफी हॉट एंड ग्लैमरस हैं। वो अक्सर अपनी बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं। हाल ही में उन्होंने काफी हॉट फोटोशूट कराया है जो काफी वायरल हो रहा है। यहां देखें तस्वीरें प्रिया आहूजा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेटस देखा आप भी दंग रहा जाएंगे। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि प्रिया ने स्ट्रैपलेस ट्रांसपेरेंट फ्रिल वाला गाउन पहना है। इस पर्पल कलर के गाउन में वह किसी बार्बी डॉल से कम नहीं लग रहीं हैं। उनका ये गाउन काफी डिजानइन। वहीं फ्रंट से इस गाउन की ट्रांसपेरेंट डिजाइन बेहद ही खास नजर आ रही है। इस ड्रेस के साथ प्रिया ने अपने बालों को ओपन कर रखा है। वहीं इसके साथ ही उन्होंने डायमंड की ज्वैलरी पहनी है। इस दौरान प्रिया अगल अलग अंदाज में पोज देती दिख रही हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को फैंस काफी पंसद कर रहे हैं। वहीं इस पर कमेंट कर लगातार प्रिया के स्टाइल और लुक तारीफ करते नजर आ रहे हैं। इससे पहले प्रिया ने अपने एक मैगजीन फोटोशूट की तस्वीरें पोस्ट की थीं। इन तस्वीरों में वह बला की खूबसूरत नजर आईं। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि प्रिया ने पर्पल कलर का स्ट्रिप लेस और हाई थाई स्लिट गाउन पहना हुआ है। इस ड्रेस में वह बेहद हॉट पोज देती दिख रही हैं। वहीं एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देखकर फैंस भी क्रेजी हो गए थे।



# दानानीर मोबिन ने एक बार फिर की 'पावरी', वीडियो हुआ वायरल

**नई दिल्ली।** 'पावरी हो रही है' से फेमस हुई दानानीर मोबिन ने इंस्टाग्राम पर एक नया लिप्सिंग वीडियो शेयर किया है इसमें वह उसी डायलॉग को बच्चे की आवाज में एनेक्ट करने का प्रयास कर रही है इसे काफी फनी बताया जा रहा है और यह वीडियो वायरल हो रहा है गौरतलब है कि दानानीर मोबिन का पावरी हो रही है वीडियो काफी वायरल हुआ था इसमें पाकिस्तानी इन्फ्लुएंसर दानानीर मोबिन नजर आई थीं 2021 में दानानीर मोबिन का वीडियो काफी वायरल हुआ था इस पर यशराज मुकाटे ने एक गाना भी बनाया था इसके बाद इंटरनेट पर एक नया ट्रेंड शुरू हुआ था इसपर कई कलाकारों और इन्फ्लुएंसर्स ने रिल और वीडियो बनाए थे अब दानानीर ने नया वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है इसमें इसी डायलॉग को एक लड़की के आवाज में उन्होंने करने का प्रयास किया है वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है, 'दोस्तों मैं इस लड़की से प्रभावित हूं पावरी हो रही है का यह अब तक का सबसे अच्छा वर्जन है असली वीडियो देखने के लिए स्वाइप करें उन्होंने दो वीडियो शेयर किए है इसमें एक वीडियो में एक बच्ची को उनकी तरह बोलने का प्रयास करते हुए देखा जा रहा है वहीं दूसरी वीडियो में वह खुद उस बच्ची को कॉपी कर रही हैं दानानीर ने यह वीडियो 17 घंटे पहले शेयर किया गया है उसे 1 लाख 40 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैंत् कई लोगों ने इसपर कमेंट किए हैं एक फैन ने लिखा है।



# ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी हुनरबाज बांसुरी वादक अनिर्बान की परफॉर्मेंस से हुई इम्प्रेस, दिया ये खास तोहफा

**नई दिल्ली।** कलर्स के रिएलिटी शो 'हुनरबाज-देश की शान' के मंच पर अलग-अलग फील्ड के लोग अपनी शानदार और दमदार परफॉर्मेंस से जजेज का दिल जीतते हैं। ऑडिशंस खत्म होने के बाद अब 14 प्रतिभागियों ने शो में अपनी जगह फाइनल कर दी है, लेकिन इसके आगे टॉप 12 में अपनी जगह बनाने के लिए सभी खिलाड़ियों के बीच मुकाबला और भी कड़ा हो गया है। क्योंकि जजेज को इम्प्रेस करने के लिए हर हुनरबाज को अपना सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस देना पड़ेगा। इस वीकेंड ग्रैंड प्रीमियर और भी शानदार होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते मंच पर मदर्स स्पेशल का जशन मनाया जाएगा और इस खास मौके पर खास मेहमान बनकर 'हुनरबाज' के सेट पर दिखेंगी ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी। एक तरफ जहां कंटेस्टेंट्स ने अपनी परफॉर्मेंस अपनी माताओं को डेडिकेट की। तो वही करण जौहर और दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के खास इस स्पेशल एपिसोड में जज की कुर्सी संभालने के साथ-साथ ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी शो के कुछ खास कंटेस्टेंट्स को तोहफे देते हुए नजर आईं। हेमा मालिनी की मौजूदगी इस अवसर को और भी खास बना रही है। ऑडिशन राउंड के पिछले कुछ हफ्तों में बांसुरी वादक उस्ताद अनिर्बान ने अपनी शानदार परफॉर्मेंस से जजेज का मन मोह लिया। करण जौहर ने उन्हें चाइल्ड प्रॉडिगी का नाम दिया है। अनिर्बान अपनी बांसुरी बजाने के हुनर के लिए मशहूर हैं। इस हफ्ते अपनी मां की मौजूदगी में अनिर्बान अपने हुनर से दर्शकों के साथ-साथ जजेज को भी मन्त्रमुग्ध करते हुए नजर आए। एक तरफ जहां बांसुरी वादक अनिर्बान ने हेमा मालिनी का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी, तो वही दूसरी तरफ हेमा मालिनी भी उनके लिए एक खास सरप्राइज लेकर आईं। अनिर्बान की परफॉर्मेंस से इम्प्रेस हुईं ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी ने उनके हाथ में बांसुरी देते हुए कहा, 'थुरा से आई हूं और आपको देखकर ऐसा लग रहा है कि आप वृंदावन के गोपाल हैं, क्योंकि सिर्फ कृष्णा ही ऐसी बांसुरी बजा सकते हैं। भगवान कृष्ण ने यह आपके लिए भेजा है, क्योंकि आप बिल्कुल उनकी ही तरह हैं'। अनिर्बान की सुरीली बांसुरी की धुन से हेमा मालिनी इतनी ज्यादा प्रभावित हुईं कि उन्होंने उनसे अपने मशहूर गाने 'सुंदरा गोपालम' पर परफॉर्म करने की गुजारिश की। इसमें हेमा जी ने 'यशोदा' का किरदार निभाया, जबकि बांसुरी बजाते हुए 'गोपाल' के रूप में नजर आये। इस डांस परफॉर्मेंस में हेमा मालिनी की खूबसूरती और परफॉर्मेंस ने दर्शकों का मन मोह लिया'।



# जॉन अब्राहम की फिल्म के ट्रेलर का काउंटडाउन शुरू, इस दिन होगी सुपर सोल्जर से मुलाकात

**नई दिल्ली।** जॉन अब्राहम की फिल्म अटैक पार्ट-1 पहली अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह एक एक्शन फ्रेंचाइजी है, जिसका पहला भाग आ रहा है। अब फिल्म के पोस्टर और टीजन के बाद अब इसका ट्रेलर आने वाला है, जिसकी जानकारी जॉन ने शुक्रवार को सोशल मीडिया में साझा की। जॉन ने फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर करके बताया कि ट्रेलर तीन में आ रहा है। हालांकि, अभी डेट का खुलासा नहीं किया है। अटैक भारतीय सिनेमा में एक नये सिनेमैटिक यूनिवर्स की शुरुआत कर रही है। इसका निर्देशन लक्ष्यराज आनंद ने किया है, जबकि इसके निर्माता जॉन अब्राहम, जयंती लाल गाडा और अजय कपूर हैं। अटैक में जॉन एक सुपर सोल्जर के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म के बारे में जॉन ने बताया था कि यह साइ-फाइ एंगल के साथ ही उलझा हुआ ड्रामा है। फिल्म में जोरदार एक्शन दृश्य होने की संभावना जतायी जा रही है। फिल्म के दूसरे भाग पर प्री-प्रोडक्शन जल्द शुरू होगा। फिल्म में रकुल प्रीत सिंह, जैकलीन फर्नांडिस, प्रकाश राज और रतन पाठक शाह अहम किरदारों में दिखेंगे। अटैक के अलावा जॉन इन दिनों शाह रुख खान और दीपिका पादुकोण के साथ अपनी फिल्म पठान को लेकर भी चर्चा में हैं। इसकी रिलीज डेट का एलान हाल ही में एक टीजर के जरिए किया गया, जिसमें जॉन और दीपिका ने पठान के किरदार के बारे में कुछ बातें कहीं। इससे पहले जॉन ने अपनी एक और फिल्म का तेहरान का एलान किया था, जो सच्ची घटनाओं से प्रेरित फिल्म है। यह फिल्म भी पठान के साथ अगले गणतंत्र दिवस पर रिलीज के लिए निर्धारित है। हालांकि, इस बात की सम्भावना काफी कम है कि फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकराएंगी। बताते चलें कि अटैक पहले जनवरी में रिलीज होने वाली थी, मगर कोरोना के मामले बढ़ने के बाद सिनेमाघरों पर लगे प्रतिबंधों के चलते फिल्म स्थगित कर दी गयी थी। सिनेमाघरों में जॉन की आखिरी रिलीज सत्यमेव जयते 2 है, जिसे मिलाप जवेरी ने निर्देशित किया था।



# शेन वार्न के निधन से बॉलीवुड में शोक की लहर, रणवीर सिंह, शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट खिलाड़ी शेन वार्न का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है उनके निधन की खबर आग की लपटों की तरफ तेजी से फैली हैत् बॉलीवुड के भी कई कलाकारों ने उनके निधन पर सदमा जताते हुए दुख प्रकट किया है इनमें शिल्पा शेट्टी, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, अनिल कपूर और अजय देवगन जैसे कलाकार शामिल है ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी शेन वार्न का 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया है वह अपने पीछे परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों को सदमा देकर चले गए है उनके जाने से बॉलीवुड के कई कलाकारों ने सोशल मीडिया पर दुख प्रकट किया है इसके पहले फॉक्स स्पोर्ट्स ने शेन वॉर्न के निधन की पुष्टि करते हुए एक वक्तव्य जारी किया था उन्होंने कहा था, शेन वार्न अपने घर पर मृत पाए गए, उन्हें बचाने का भरसक प्रयास किया गया लेकिन वह नहीं बचाए गए शिल्पा शेट्टी ने शेन वार्न के राजस्थान रॉयल्स के टीम में होने दौरान काफी काम किया था उन्होंने शेन वार्न के साथ अपनी कई तस्वीरें शेयर की है इसके साथ उन्होंने लिखा है, 'लीजेंड्स लिव ऑन शेन वार्न वहीं रणवीर सिंह ने शेन वार्न की तस्वीर शेयर करते हुए टूटे दिल की इमोजी शेयर की हैत् अक्षय कुमार ने ट्वीट करते हुए लिखा है, 'शेन वार्न की असमय मृत्यु से दुखी हूं आप क्रिकेट के खेल को बिना इस व्यक्ति के पसंद नहीं कर सकतेत् यह दिल तोड़ने वाली खबर है, ओम शांति वहीं सनी देओल ने कहा कि क्रिकेट की दुनिया ने एक नगीना खो दिया शेन वार्न आप बहुत जल्दी चले गए वहीं अजय देवगन ने लिखा है, 'शेन वार्न की निधन की खबर से अभी भी जूझ रहा हूं आपका क्रिकेट लोगों के दिलों में हमेशा याद रहेगा




# 'लॉकअप' में स्वप्निल उर्फ साइशा शिंदे ने किया खुलासा कहा इस वजह से तीन डॉक्टरों ने सर्जरी करने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** कंगना रनोट का शो 'लॉकअप हर बीतते दिन के साथ एक नई कॉन्ट्रोवर्सी लेकर आ रहा है। निशा रावल से लेकर पूनम पांडे तक 'लॉकअप' में बंद कई अभिनेत्रिया अपनी निजी जिंदगी को लेकर बड़े खुलासे कर चुकी हैं। उनकी ये कहानियां लगातार चर्चा में हैं। अब हाल ही में कंगना के 'लॉकअप' में बंद एक और कंटेस्टेंट ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर खुलासा किया है, और ये कोई और नहीं बल्कि ट्रांसवूमेन साइशा शिंदे हैं, जोकि एक जानी-मानी फैशन डिजाइनर हैं। साइशा भी कंगना रनोट के विवादित शो का हिस्सा बनी हैं, जहां उन्होंने अब अन्य कंटेस्टेंट्स की तरह अपनी निजी जिंदगी को लेकर कई खुलासे किए हैं। साइशा शिंदे ने लॉकअप के अंदर अपने अपने फिजिकल ट्रांसफॉरमेशन सर्जरी के साथ-साथ अपने परिवार से मिली प्रतिक्रिया तक अपनी निजी जिंदगी को लेकर कई खुलासे किए। डिजाइनर साइशा का असली नाम स्वपिनल है और वह साल 2001 में सर्जरी करवा कर स्वपिनल से साइशा बनीं। साइशा ने अपनी सर्जरी के बारे में खुलासा करते हुए बताया कि जब वह साइकियाट्रिस्ट के पास काउंसलिंग के लिए गई थीं, तो उनकी सर्जरी करने के लिए साइकियाट्रिस्ट ने मना कर दिया था। ऐसा एक बार नहीं बल्कि उनके साथ तीन बार हुआ अपनी सर्जरी के बारे में कंटेस्टेंट्स से आगे बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं बहुत ही तंदरुस्त था, मुझे देखने के बाद डॉक्टर्स ने कहा ये तुम क्या कर रहे हो, ये गलत है, तुम हैंडसम हो अच्छे खासे दिखते हो, तुम्हें ये सब करने की जरुरत नहीं है। ये एक फेज है, जो निकल जाएगा'। साइशा ने बताया कि वह अपने विचारों को लेकर बहुत ही क्लियर थीं और उनके इरादे मजबूत थे। जिन्हें जानने के बाद मां-बाप भी मान गए। साइशाने अपने को-कंटेस्टेंट्स को ये भी बताया कि जब उन्होंने सर्जरी करवाने का निर्णय लिया था तो उनके पिता ने तो उनका पूरा साथ दिया, लेकिन उनकी मां ने इस बात को स्वीकार करने में थोड़ा समय लगाया, लेकिन अगले दिन माता-पिता ने उन्हें बुलाकर नाम सुझाए। अपनी निजी जिंदगी के बारे में आगे बताते हुए साइशा शिंदे ने बताया कि उनका लुक बदल जाने के बाद उन्हें किसी ने नहीं देखा था। उन्होंने आगे बताया कि जब वह अपना लुक बदलने के बाद अपने कजिन की शादी में शामिल होने के लिए पहुंचें तो हर किसी ने शादी के हॉल में उनकी तरफ पलट-पलटकर देखा। सभी ने तहे दिल से उनका स्वागत किया और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाई। आपको बता दें कि साइशापेशे से एक फैशन डिजाइनर हैं और वह उस दौरान चर्चा में आई थीं जब हरनाज मिस यूनिवर्स जीती थीं। हरनाज के फिनाले का गाउन साइशा ने ही डिजाइन किया था।



# राधे श्याम के अभिनेता प्रभास की 2022 में होगी शादी, इस ज्योतिषाचार्य ने किया दावा

**नई दिल्ली।** प्रभास जल्द फिल्म राधे श्याम में नजर आने वाले हैं इस फिल्म में उनके अलावा पूजा हेगड़े की अहम भूमिका है इस फिल्म के ट्रेलर और गानों को काफी पसंद किया जा रहा है यह फिल्म कई भाषाओं में रिलीज होगी राधे श्याम एक बड़े बजट वाली फिल्म है और यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शूट की गई है फिल्म राधे श्याम में बाहुबली फिल्म से लोकप्रिय हुए सुपरस्टार अभिनेता प्रभास की अहम भूमिका है उनके फैंस इस बात को लेकर हमेशा चिंतित भी रहते हैं कि प्रभास की शादी कब होगी अब लोकप्रिय एस्ट्रोलॉजर आचार्य विनोद कुमार ने उनकी शादी को लेकर भविष्यवाणी कर सभी के मन में कौतुहल को बढ़ा दिया है गौरतलब है कि फिल्म राधे श्याम में प्रभास हस्तरेखा पढ़ने वाले विक्रमादित्य की भूमिका निभा रहे हैंत् आचार्य विनोद कुमार ने प्रभास की शादी की घोषणा की है उन्होंने कहा है कि प्रभास बहुत जल्द शादी करेंगे उनके इस भविष्यवाणी से उनके फैंस काफी उत्साहित हो गए हैं इस वीडियो को अभी तक 25000 से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं हाल ही में राधे श्याम फिल्म का ट्रेलर मुंबई में लांच किया गया इस फिल्म का निर्देशन राधा कृष्ण कुमार कर रहे हैं इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार कर रहे हैं यह फिल्म 1970 के दशक को दर्शाती है और यह यूरोप की पृष्ठभूमि में शूट की गई है प्रभास जल्द फिल्म प्रोजेक्ट के में भी नजर आएंगे इस फिल्म में उनके अलावा दीपिका पादुकोण की अहम भूमिका होगी वहीं वह फिल्म आदि पुरुष में भी नजर आएंगे इस फिल्म में वह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की भूमिका में नजर आने वाले हैं।



# पहले हफ्ते में बनी रही गंगूबाई की ठसक

**नई दिल्ली।** आलिया भट्ट की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले हफ्ते में बेहतरीन कलेक्शन किया है। हालांकि, दूसरे हफ्ते में फिल्म के सामने दो बड़ी चुनौती खड़ी हो गयी हैं- द बैटमैन और झुंड। पहले हफ्ते में गंगूबाई काठियावाड़ी के सामने कोई चुनौती नहीं थी और फिल्म ने इसका भरपूर फायदा उठाया भी। हालांकि, अच्छी खबर यह है कि मुंबई समेत महाराष्ट्र के कुछ जिलों में सिनेमाघर 100 फीसदी क्षमता के साथ संचालित किये जा रहे हैं, जिससे फिल्म के कलेक्शंस में बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद बढ़ गयी है। गंगूबाई काठियावाड़ी 25 फरवरी को तीन हजार से अधिक स्क्रींस पर रिलीज हुई थी। फिल्म ने 10.50 करोड़ की जबरदस्त ओपनिंग ली थी। ओपनिंग वीकेंड में फिल्म ने शनिवार को 13.32 करोड़ और रविवार को 15.30 करोड़ का कलेक्शन किया। इसके बाद वर्किंग वीक में फिल्म के कलेक्शंसम में गिरावट आयी, जो होता ही है। पहले सोमवार को फिल्म ने 8.19 करोड़ जमा किये थे। मंगलवार को महा-शिवरात्रि की छुट्टी में कलेक्शंस में इजाफा हुआ और फिल्म ने 10.01 करोड़ बटोर लिये। वहीं, बुधवार और गुरुवार को फिल्म ने क्रमशः 6.21 करोड़ और 5.40 करोड़ जमा किये। गंगूबाई काठियावाड़ी ने पहले हफ्ते में 68.93 करोड़ का नेट कलेक्शन कर लिया। संजय लीला भंसाली निर्देशित गंगूबाई काठियावाड़ी एस हुसैन जैदी की किताब माफिया क्वींस ऑफ मुंबई के एक चैप्टर से ली गयी है, जिसमें गंगूबाई कोठेवाली की कहानी दिखायी गयी है। फिल्म को लेकर काफी विवाद भी हुआ था और टाइटल बदलने की मांग को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। हालांकि, फैसला गंगूबाई काठियावाड़ी के पक्ष में ही रहा। फिल्म में अजय देवगन और हुमा कुरैशी ने कैमियो में नजर आये। वहीं, सीमा पाहवा और विजय राज ने अहम किरदार निभाये।



# सलमान खान और सोनाक्षी सिन्हा ने कर ली है गुपचुप शादी, वायरल तस्वीर पर आया 'दबंग गर्ल' का रियवेशन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के मोस्ट एलिजिबल बैचलर में एक सुपरस्टार सलमान खान के फैंस को इंतजार है तो बस इस बात का कि वो कब शादी करेंगे। कई बार उनकी शादी को लेकर फैंस और मीडिया में सवाल पूछे गए हैं लेकिन हर बार भाईजान इस सवाल को टालते नजर आए। लेकिन हाल ही में सलमान खान और ऐक्ट्रेस सोनाक्षी की एक तस्वीर वायरल हुई जिसके बाद दोनों के गुपचुप शादी करने की खबर ने सोशल मीडिया पर खूब जोर पकड़ा। इस तस्वीर में उनके चोरीछुपे शादी करने को लेकर दावा किया गया था। हलांकि सलमान और सोनाक्षी की तरह से इस बात को लेकर कोई जवाब नहीं आया। वहीं अब इस तस्वीर पर सोनाक्षी सिन्हा का रिएक्शन आया है। पहली बात आपको बता दें कि वायरल रही सलमान खान और सोनाक्षी सिन्हा की शादी की तस्वीर फोटोशॉप्ड थी। इस तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि ये पूरी तरह से नकली है। इस तस्वीर में दोनों शादी के जोड़े में नजर आ रहे हैं। सलमान जहां सफेद शर्ट और बेज रंग की जैकेट में काफी हैंडसम लग रहे हैं, वहीं सोनाक्षी ट्रेडिशनल लाल साड़ी में जूलरी और मांग में सिंदूर लगाए खूबसूरत लग रही हैं। इस तस्वीर पर कमेंट करते हुए सोनाक्षी सिन्हा ने लिखा, 'क्या आप इतने बेवकूफ हैं कि आप असली और नकली तस्वीर के बीच अंतर नहीं कर सकते।' सोनक्षी के इस कमेंट्स के बाद लगातार फैंर के रिएक्शन आ रहे हैं। वहीं इस कमेंट करते हुए यूजर लगातार सोनाक्षी का साथ देते दिख रहे हैं। इस पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'आप रिप्लाई क्यों कर रही हैं तो वहीं एक दूसरे यूजर ने लिखा, 'मुझे खुशी है आपने इस पर बोला। इस तरह के गॉसिप पेज को बंद करना चाहिए।' वहीं एक तो यहां तक कहा, 'वे अटेंशन चाहते हैं और आप उन्हें दे रही हैं।



# सुष्मिता सेन के भाई राजीव सेन और चारु असोपा की शादीशुदा लाइफ में आई दरार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन के भाई राजीव सेन ने टीवी एक्ट्रेस चारु असोपा से शादी की है। वहीं कुछ महीने पहले राजीव और चारु एक प्यारी बेटी के पैरेंट्स बनें हैं। न्यूबॉर्न बेबी के साथ चारु और राजीव की कई खूबसूरत तस्वीरें सामने आई हैं। फैंस ने भी इन तस्वीरों को काफी पसंद करने के साथ ही उनकी बेटी को खूब प्यार दिया। लेकिन इसी बीच अब चारु और राजीव के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा है। राजीव ने अपने यूट्यूब चैनल पर चारु और बेटी के साथ एक फोटो पोस्ट की। इस पोस्ट की वजह से ही लोगों ने उनके बीच की दरार की खबरें सामने आ रही हैं। चारु असोपा कुछ दिन पहले अपने मायके गई हैं। वह इस वक्त राजस्थान के बीकानेर में हैं। राजीव ने अपने यूट्यूब चैनल पर चारु और बेटी के साथ एक फोटो पोस्ट की। इस पोस्ट में राजीव अपनी बेटी के घर जल्दी वापसी और उसके साथ खेलने की बात कर रहे हैं। राजीव लिखते हैं, 'जियाना, अपने डैडी के घर आ जाओ, ज्यादा ट्रैवल करना तुम्हारे लिए ठीक नहीं है लंबे समय से तुम्हें देखा नहीं है जल्दी आ जाओ और मेरे साथ खेलो। आपको बता दें कि हाल ही में चारु असोपा ने अपने पति राजीव के बगैर अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने जियाना के साथ एक फोटो शेयर की और लिखा था, 'यह जन्मदिन बहुत-बहुत स्पेशल है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित

सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2018-20

website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।